लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 2, अंक 164, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com
कानपुर, रविवार, 4 फरवरी 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

आज का मौसम | 24.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 59 | सूर्यास्त 5 : 54



भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...2

meenakshi मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती



होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।
!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।
सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान



पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

# मुख्यमंत्री योगी ने सपा को बताया राम और डॉ. आंबेडकर का विरोधी

## कन्नौज में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज फिर होगा डॉ. आंबेडकर के नाम पर

संवाददाता, कन्नौज



कन्नौज में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।


- चुनावी मूड में दिखे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा मुखिया अखिलेश पर किया कटाक्ष
- कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में बोर्डिंग ग्राउंड में आयोजित कनौजी माटी वंश समागम कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीराममंदिर में रामलला की दिव्य प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। सोचो, यदि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार होती तो क्या राममंदिर बन पाता। राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम ऐतिहासिक हुआ है, इसलिए एक बार रामलला के दर्शन करने अवश्य आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्नौज का पावन इतिहास रहा है, जहां हर्षवर्धन जैसे दानवीर चक्रवर्ती राजा हुए हैं। प्रयागराज का कुंभ मेला आज भी कन्नौज के बिना अधूरा है, जिसमें सम्राट हर्षवर्धन अपना राजकोष दान कर देते थे। आज से हजारों वर्ष पूर्व रामराज्य की परिकल्पना उन्होंने साकार की थी, जिसे आज डबल इंजन की सरकार पूरा कर रही है। इसी की परिणिति में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां 352 करोड़ की 59 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि देश में सभी बेघरों को मकान मिलेगा, जिसके लिए अंतरिम बजट में दो करोड़ मकानों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कन्नौज की सुगंध पूरी दुनिया में फैलेगी। सरकार इत्र व्यापारियों के साथ खड़ी है, अब इत्र पार्क ही नहीं इत्र उद्योग को एक वैश्विक मंच मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराम आंबेडकर के नाम पर करने का आश्वासन देते हुए कहा कि सपा ने बाबा साहेब का हमेशा विरोध किया, सपा ने राममंदिर का भी विरोध किया था। नाम बदलने के साथ ही मेडिकल कॉलेज में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास होगा। सीएम ने कन्नौज में एक स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व.ओमप्रकाश पाठक एवं पूर्व विधायक व एमएलसी स्व. बनवारीलाल दोहरे को भी श्रद्धांजलि दी। इससे पहले वह उनके घर जाकर परिजनों से भी मिले।


## पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

# आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी



- वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई, बोले-यह मेरे लिए एक अत्यंत भावुक क्षण

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की।

### मेरे आदर्शों और सिद्धांतों का सम्मान : आडवाणी

**नई दिल्ली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 'भारत रत्न' दिए जाने पर शनिवार को राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि उन्होंने अपने जीवन को स्वयं के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए जीया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरा सम्मान है, बल्कि मेरे आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है।

### अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी

**लखनऊ।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

## एक नजर

### राशन कार्ड वाले दिव्यांगों को मिलेगी पेंशन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगों के पास राशन कार्ड होगा, उन्हें पेंशन के साथ मकान भी दिया जाएगा। जल्द ही पेंशन की राशि बढ़ाई भी जाएगी। अफसरों को निर्देश दिया कि कोई भी दिव्यांग राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे।

### जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

**लखनऊ।** उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यों में गति प्राप्त होगी।

# जज का फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ज्योत्सना राय

- पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच
- डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार
- अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

**अमृत विचार :** जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे।

> महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
> –आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी

# न्याय प्रणाली को और अधिक लचीला बनाने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले पीएम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। मोदी ने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है।

# सीबीआई ने सीएपीएफ में भर्ती को लेकर की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने कार्रवाई
- कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन


केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में शामिल हैं। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने सीबीआई की प्रारंभिक जांच के नतीजों पर गौर करने के बाद कहा था कि सशस्त्र बलों में भर्ती में कोई अनियमितता नहीं पाई गई लेकिन केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों में चार घटनाएं पाई गई हैं।

वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ सबका विकास सबका इलाज
रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्
डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया:
डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की नि:शुल्क जाँच
मस्तिक का रोग: सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोग: बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी।
अन्य रोग: पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिपरेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।
अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज



विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा
लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
26 फरवरी 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच मुफ्त परामर्श
कानपुर
घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक
मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)
ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक
लाल बंगला–हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक
इसमें नि:शुल्क जांच व नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा
9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

# रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

## डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

### राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्डा ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

# साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

**अहमदाबाद, एजेंसी**



साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

**इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन**

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर शृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे। मेजबान टीम अभी शृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला। रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

### पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

# यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

## पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

**209** रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में

**6** विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।



### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी



यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

#### मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्रशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 253/10 (55.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट का गिल बो बुमराह | 5 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो कुलदीप | 6 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप | 6 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 6 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 8 | 15 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 9, कुल: 55 .5 ओवर में ऑल आउट: 253 रन, **विकेट पतन:** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182 , 8-229, 9-234, **गेंदबाजी:** बुमराह 15 .5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

| भारत | 396/10 (112 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रोहित शर्मा का पोप बो बशीर | 14 | 41 | 0/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन | 34 | 46 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले | 27 | 59 | 3/0 |
| रजत पाटीदार बो रेहान | 32 | 72 | 3/0 |
| अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर | 27 | 51 | 4/0 |
| श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान | 17 | 23 | 2/1 |
| अश्विन का फोक्स बो एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 8 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान | 6 | 9 | 1/0 |
| मुकेश कुमार का रूट बो बशीर | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 02, कुल :112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन:** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

## खेल डायरी

### मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3 .15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें सैद्धांतिक रूप से मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य उनके पिता जॉर्ज मेस्सी को आश्वस्त करना था कि यह सौदा पूरा होगा। इसके तुरंत बाद क्लब के साथ विस्तृत अनुबंध हुआ था।

### अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सुपानिडा काटेथोंग से सीधे गेम में हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 35 मिनट तक चले मुकाबले के सीधे गेमों में 21-13, 21-12 से हराया। बाएं हाथ की दो खिलाड़ियों का मुकाबला शुरुआत से एकतरफा रहा। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। थाईलैंड की खिलाड़ी ने अगले 10 में से नौ अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### पीसीबी के कारण बोर्ड से जुड़ना नहीं चाहते कोच

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में अनिश्चितता और उसकी अदूरदर्शिता के कारण विदेशी और स्थानीय कोच भी देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। मिस्बाह ने 2019 और 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या दो शृंखलाओं के आधार पर या बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। सिंध प्रांत में एक स्थानीय टूर्नामेंट में हैदराबाद फ्रेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा कि अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं।

### नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब दक्षिण एशियाई क्षेत्र में मजबूत क्रिकेट माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों को गेम टाइम और बुनियादी ढांचे के लिए मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के एक सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं। शाह नेपाल में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काफी समर्थक रहे हैं। नेपाल में क्रिकेट के प्रति काफी ज्यादा जुनून है और जब भी राष्ट्रीय टीम एक मैच खेलती है तो स्टेडियम खचाखच भरे होते हैं।

# टर्निंग पिचों की जगह अच्छे विकेट पर खेलना चाहिए : सौरभ गांगुली

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को जसप्रीत बुमराह के स्पैल को देखकर टर्न लेती पिचों के बजाय अच्छी पिचें तैयार करने की वकालत की। बुमराह ने यार्कर गेंद पर ओली पोप को आउट किया था। गांगुली ने एक्स पर लिखा कि जब वह बुमराह, शमी, सिराज और मुकेश को गेंदबाजी करते देखते हैं तो हैरानी होती है कि भारत में टर्निंग पिच तैयार करने की क्या जरूरत है। प्रत्येक मैच के साथ उनका अच्छे विकेट पर खेलने को लेकर विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें अश्विन, जडेजा, कुलदीप और अक्षर के सहयोग से किसी भी पिच पर 20 विकेट मिल जाएंगे। बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख ने पिछले साल के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की घरेलू शृंखला में भी यही विचार व्यक्त किए थे। खासकर इंदौर की पिच को आईसीसी से खराब रेटिंग मिलने के बाद।

# असम के खिलाफ आर्यन और करन ने ठोका दोहरा शतक

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

**548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन**



आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू



अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।

### फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

### भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री



साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।

### कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी



अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खुल न जाए।

### अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज




अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने किया थाना मऊ का निरीक्षण

**मऊ (चित्रकूट)।** एसपी अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय व थाने का मुआयना किया। एसपी ने रजिस्टरों को अपटूडेट रखने के निर्देश दिए। कहा लापरवाही कदापि सहन नहीं की जाएगी। महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय एवं आवासीय परिसर की सफाई के लिए निर्देशित किया। एसओ राजेश कुमार द्विवेदी को मुकदमों से संबंधित वाहनों/माल को चिह्नित कर निस्तारण को कहा। इस दौरान एसपी ने लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए भी निर्देश दिए।

### आरोपी को दबोचा गया

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई कृपानंदन शर्मा ने विभिन्न धाराओं के वारंटी आरोपी बुद्धन पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम भिटरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में आरक्षी नागेश कुमार शामिल रहे।

### एक मार्च को लगेगी मंडलीय पेंशन अदालत

**चित्रकूट।** मंडलीय पेंशन अदालत एक मार्च को लगेगी। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने दी। बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11 बजे से आयुक्त कार्यालय बांदा में पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों/कर्मचारियों के लंबित देयकों के संबंध में जनसुनवाई होगी। पेंशन अदालत से सबंधित प्रत्यावेदन पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 12 फरवरी तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त कराएं।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मारकुंडी थाने के एसआई सियाशरण नायक ने डीए एक्ट के वारंटी सोनू कोल पुत्र नत्थू निवासी मुटवन छिवलहा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में आरक्षी शिवलाल शामिल रहे।

# दुकान खाली कराने की नोटिस से मचा हड़कंप

## दुकानदारों को 15 दिन का दिया गया समय, कार्यवाही की चेतावनी

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसी स्मारक समिति परिसर में निर्मित दुकानों को खाली कराने की नोटिस मिलने से दुकानदारों में खलबली मची है। दुकानदारों को 15 दिन के अंदर दुकान खाली न करने पर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई है।

गौरतलब है कि बीते माह यहां के दुकानदारों को तुलसी स्मारक समिति पता तुलसी स्मारक राजापुर के लेटर पैड में उपाध्यक्ष के हस्ताक्षर से एक नोटिस मिली। इसमें कहा गया है कि तुलसी स्मारक राजापुर में निर्मित दुकानों का आवंटन तत्कालीन उप जिलाधिकारी मऊ द्वारा किराया के लिए गैरकानूनी तरीके से किया गया था।



तुलसी स्मारक परिसर में स्थित दुकानें। अमृत विचार

**परिसर में हैं दो दर्जन से ज्यादा दुकानें**

गौरतलब है कि परिसर में लगभग 25 दुकानें हैं। जिन दुकानदारों को नोटिस मिली है, उसमें रंजीत केशरवानी, विजय कुमार, रामचंद्र, आशीष कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, उमेश कुमार, आशू भाई, संजय जायसवाल, राजा तिवारी, अनिल मिश्र, सुभाष मिश्र, बबलू मोदनवाल, सचिन द्विवेदी, जेपी सिंह, अंकित सिंह, राकेश मिश्र आदि शामिल हैं।

उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर आवंटन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था। दुकानदारों को मिली नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने तुलसी स्मारक समिति लखनऊ तुलसी स्मारक राजापुर की संपत्ति पर अवैध कब्जा किया है। अब तक कोई वैधानिक शर्तनामा और प्रामाणिक साक्ष्य समिति के कार्यालय पर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इससे स्वच्छाचारिता परिलक्षित होती है और समिति के राजस्व की हानि हो रही है। दुकानदारों से नोटिस मिलने के 15 दिन के अंदर दुकान खाली करने और चाभी समिति कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा गया है। आगाह किया है कि ऐसा न करने पर आईपीसी की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अब वृद्ध पर समझौते का दबाव बनाने की कोशिश

अमृत विचार फॉलोअप

- करोड़ों रुपये की जमीन के एग्रीमेंट का मामला

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** बेशकीमती जमीन के लाखों रुपये के एग्रीमेंट मामले में अब आरोपियों द्वारा समझौते का दबाव बनाने की जानकारी मिल रही है। उधर, जानकारी के मुताबिक शनिवार को एआईजी स्टांप भी पीड़ित वृद्ध के घर पहुंचे और उसके बयान लिए। साथ ही न्याय का भरोसा दिया।

**घर पहुंचे एआईजी स्टांप**

उधर, मामले की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने जांच के लिए एआईजी स्टांप रामसुंदर यादव को जिम्मेदारी दी। जानकारी के मुताबिक, एआईजी शनिवार को पीड़ित के घर पहुंचे और उसका और परिजनों का बयान लिया। साथ ही न्याय का भरोसा दिया।

**चर्चा में है विभाग का एक बाबू**

रजिस्ट्री के इस मामले ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। यहां का एक क्लर्क अकस्मात लोगों में बातचीत का विषय बना है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि इस बाबू का महज 15 दिन के लिए पटल बदला गया और फिर महत्वपूर्ण जगह पर तैनात कर दिया गया। बताया जाता है कि यह एक ही मंडल में 10 साल से ज्यादा अवधि में तैनात रहा है और एक बार महज 15 दिन के लिए जिले की ही दूसरी तहसील में तबादला होने के बाद फिर यहीं आ गया। कुछ दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने के मामले में भी रजिस्ट्री आफिस चर्चा में रहा था।

शिवरामपुर चौकी अंतर्गत पथरौड़ी गांव निवासी वृद्ध गोबरा पुत्र कलुवा का कहना है कि उसकी अन्य काश्तकारों के साथ सह संक्रमणीय भुमि पर दाखिल खारिज है। वह चलने-फिरने और सोचने-समझने में असमर्थ है। उसका आरोप है कि उसके गांव के दो लोग, जिसमें एक उसका रिश्तेदार है, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने के नाम पर उसे मुख्यालय ले गए और पेंशन के नाम पर कई सादे कागजों में अंगूठा लगवा लिया। आरोप लगाया कि कर्वी में रौली कल्याणपुर, ममसी बुजुर्ग और कर्वी निवासी तीन लोगों के साथ साजिश करके उसकी जमीन, जो राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है, का फर्जी इकरारनामा करा लिया। बाद में उसे पता चला कि इन लोगों ने उसके खाते में 50 हजार का चेक भी जमा किया है। वृद्ध का आरोप है कि उसके जमीन की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है। उसने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार की थी। उधर, मामले को तूल पकड़ता देख अब विभाग में हड़कंप मचा है। आरोपियों में भी गर्दन फंसती देख हलचल है। बताया जाता है कि अब वे लोग समझौते के लिए वृद्ध के घर के चक्कर काट रहे हैं।

# रिफिल वितरण की बढ़ाई गई अवधि

**चित्रकूट।** जिलापूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रथम चक्र के अंतर्गत निशुल्क रिफिल वितरण की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। उनका कहना है कि इससे उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर काफी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें सहूलियत भी मिलेगी। जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में इस योजनांतर्गत जो लाभार्थी अपना प्रथम निशुल्क रिफिल 31 दिसंबर तक नहीं प्राप्त कर पाए हैं वह 15 फरवरी तक प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सभी से इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए कहा है।

# जागरूकता :राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी किए गए सम्मानित

**सीतापुर (चित्रकूट)।** सतना के जिलाधिकारी अनुराग वर्मा ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता कार्यक्रम में अच्छा योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान जागरूकता से पिछले मतदान की तुलना में इस बार चित्रकूट में छह प्रतिशत मतदान बढ़ा है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार शुक्ला, राशि मिश्रा, अंजली सिंह, ऋचा सिंह, तरुण वाघ, श्रद्धा सिंह दीक्षित,



सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

चंचलेश यदुवंशी, ऋषभ रघुवंशी, अंकित तिवारी, अंकुर द्विवेदी, रोहित विश्वकर्मा, प्रांजल मिश्रा, मुनेंद्र पांडेय, आशुतोष चैनपुरिया, रोहित पटेल, मनमोहन कुर्मी, अभिषेक लोधी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रवि, विकास, ओमराज आदि रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधान सम्मानित

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम मड़ैयन के के ग्राम प्रधान राधेश्याम मास्टर साहब को सम्मानित किया गया। गांव लौटने पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर अवधेश सिंह पटेल, अनिल कुमार सिंह, हीरालाल, धीरेंद्र सिंह, रामसेवक, रामआसरे, चुन्नू, भैयादीन, कमलेश, कोदूराम, रविंद्र सिंह, अभिलाष सिंह आदि मौजूद रहे।

# मैं पूरी तरह से स्वस्थ, निरर्थक समाचारों पर चिंता न कीजिए

चित्रकूट कार्यालय

- 15 जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने वीडियो जारी कर की अपील

**अमृत विचार।** तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने वीडियो जारी कर स्वयं को पूर्णतः स्वस्थ बताया है। जगद्गुरु के अस्वस्थ रहने को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। उनके शिष्यों और शुभचिंतकों को आशा है कि इससे इन अटकलों पर विराम लगेगा।

गौरतलब है कि बीते दिन हाथरस में रामकथा के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ने की खबर आई


जगद्गुरु रामभद्राचार्य। अमृत विचार

थी। सीने में दर्द की शिकायत पर उनको आगरा के एक हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। इस समाचार से तीर्थक्षेत्र में भी चिंता की लहर दौड़ गई थी। जगद्गुरु ने अपने आफीसियल फेसबुक पेज पर एक वीडियो जारी कर अपनी तबीयत का हाल दिया है।

वीडियो में वह कहते नजर आ रहे हैं, मैं पूर्णतः स्वस्थ हूं। अनावश्यक खबरों पर ध्यान न दें। मैं अपने प्रिय शिष्य कृष्णावतार के यहां देहरादून में विश्राम कर रहा हूं। शीघ्र ही कथा की गंगा में स्वयं बहने का और आपको बहाने का प्रयास करूंगा। शुभकामनाएं दीजिए और निरर्थक समाचारों पर चिंता मत कीजिए। जय सियाराम।

# प्रधानाध्यापक गए अनाज बंटवाने, विभाग ने काटा वेतन

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

कार्रवाई

- बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर लगाई गुहार

**अमृत विचार।** एक परिषदीय स्कूल के प्रधानाचार्य का आरोप है कि वह खाद्यान्न वितरण कराने गया था और इसी दौरान स्कूल का मुआयना करने पहुंचे खंड शिक्षाधिकारी ने उसे गैरहाजिर कर दिया। बीएसए को रिपोर्ट दी तो वहां से उसका वेतन काटने का आदेश जारी हो गया। परेशान प्रधानाध्यापक ने अब बीएसए से न्याय की गुहार की है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप क्षेत्र के प्रधानाध्यापक गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि वह 19 जनवरी को खाद्यान्न वितरण कराने भरतकूप स्टेशन कोटे की दुकान गया था। इसी दौरान


वह फोटो, जिससे शिक्षक का दावा है कि वह कोटे की दुकान में थे। अमृत विचार

खंड शिक्षाधिकारी विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंच गए। वहां शिक्षकों के यह बताने के बाद भी कि वह खाद्यान्न वितरण को गए हैं, बीईओ ने गैरहाजिर कर दिया।

जब इसकी जानकारी उनको हुई तो वह भागे भागे विद्यालय पहुंचे। रास्ते में बीईओ का वाहन दिखा तो उनको रोककर अपनी बात कहने की कोशिश भी की पर बीईओ ने न तो वाहन रोका और न बात सुनी। इसके बाद स्कूल जाकर बीईओ को व्हाट्सअप में अपनी फोटो डाली, फोन पर बात करने की कोशिश की पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की। प्रधानाध्यापक का कहना है कि वह 24 साल की सेवा में कभी गैरहाजिर नहीं रहे। उनका पक्ष जाने बिना और बिना पत्र व्यवहार रजिस्टर देखे उनको गैरहाजिर कर दिया गया।

बाद में बीएसए ने भी उनके प्रार्थनापत्र और स्पष्टीकरण पर विचार किए बिना उनका वेतन काट दिया। आरोप लगाया कि उनका शोषण किया जा रहा है। शिक्षक ने बीएसए से न्याय की गुहार की है। प्रधानाध्यापक का कहना है कि उनके साथ पूरी तरह से गलत हुआ है। इस मामले में उन्हें न्याय की पूरी तरह से उम्मीद है।

**डीएम का है आदेश:** शिक्षक की मानें तो गल्ला वितरण के संबंध में वह डीएम के आदेश पर गए थे।

बताया कि जिलाधिकारी ने 30 नवंबर 23 के आदेश के अनुसार उनको खाद्यान्न वितरण कराने के लिए ग्राम पंचायत अकबरपुर का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी आदेश के अनुपालन में वह कोटे की दुकान गए थे।

उधर, इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने बताया कि खाद्यान्न वितरण का कोई आदेश नहीं है। शिक्षक गैरहाजिर थे, स्कूल में नहीं थे इसलिए वेतन काट दिया गया। इसके बाद उनसे जब कुछ और पूछा जाता, इसके पूर्व ही उन्होंने फोन काट दिया।

# 97 शिकायतों में से दो का किया गया निस्तारण

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

आयोजन

- संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधीनस्थों को इनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने बताया कि कुल 93 शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने निस्तारण रजिस्टर को भी देखा। बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान को निर्देशित किया कि सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देश जारी करें कि ऑफिस में रजिस्टर अपटूडेट करें। भूमि



मऊ में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी, एसपी और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

संबंधी मामलों में राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी न सिर्फ समस्याओं को गंभीरता से सुनें वरन उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान भी तलाशने की कोशिश करें। इस दौरान सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, सीओ जयकरन सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, डीडीओ आरके त्रिपाठी, तहसीलदार विजय कुमार यादव, बीडीओ रामजी मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।


राजापुर में पौधरोपण करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

**राजापुर में किया गया पौधरोपण:** राजापुर। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम प्रमोद झा, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ निष्ठा उपाध्याय ने 30 लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर चार का निपटारा किया।

इस मौके पर सिंदूर के पौधे भी लगाए गए। एसडीएम ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जांच पर सवालिया निशान लगाए जाने पर पुनः सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने के आदेश दिए जाएंगे। इस मौके पर विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ज्यादा से ज्यादा मामले हों निस्तारित

**चित्रकूट कार्यालय।** नौ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में शनिवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम ने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। जिला जज ने चिह्नित वादों की समीक्षा की और अधिक संख्या में वादों के निस्तारण पर जोर दिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय, सभी राजस्व न्यायालयों, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावाधिकरण इत्यादि में किया जा रहा है। इस दौरान शमनीय आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम और जल, सेवा


बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

मामलों, पारिवारिक/वैवाहिक, भूमि अधिग्रहण आदि से संबंधित मामलों का निपटारा सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। बैठक में श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट दावा न्यायाधिकरण, राकेश यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, रवींद्र कुमार श्रीवास्तव प्रथम अपर जिला जज, दीपनारायण तिवारी विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट, विनीत नारायण पांडेय विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज, फरुंख इनाम सिद्दीकी अपर जिला जज/सचिव, संजय कुमार अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय आदि न्यायिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# बूथों में जल्द वितरित होगी मतदाता सूची

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव बताया कि सभी बूथों में जल्द मतदाता सूची वितरित करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में उन्होंने पीडीए पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

उन्होंने दावा किया कि आज भाजपा से कोई लड़ाई लड़ रहा है तो वह समाजवादी पार्टी है। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि पार्टी अति पिछड़ों आदिवासियों आदि को जोड़ेगी। लोहियावाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि सपा आंदोलन से


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव। अमृत विचार

निकली पार्टी है। लोकसभा चुनाव में हमे बूथों पर अपना वोट बढ़ाना है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव, लवलेश यादव, रमा यादव, डा. सची गुप्ता, उमा यादव, अंजू सोनी, प्रतिभा देवी, अंजना विश्वकर्मा, सीताराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

# बरुवा संपर्क मार्ग ध्वस्त, किसी को चिंता नहीं

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे संपर्क मार्ग हैं, जो दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। लोगों द्वारा प्रशासन से इनको बनवाने की मांग भी नहीं सुनी जा रही। ऐसा ही एक रास्ता बरुआ संपर्क मार्ग है।

राजापुर तहसील क्षेत्र में बूंदाबांदी और बरसात से ग्राम पंचायत बरुआ समेत कई गांवों को जाने के लिए क्षेत्रवासियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। बरुवा का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाता है और लगभग एक किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। फिसल फिसल लोग गिर रहे हैं। राजापुर-छीबो रोड


अनदेखी के कारण खस्ताहाल बरुवा संपर्क मार्ग। अमृत विचार

पर खोहरा बाबा देवस्थान से सात किलोमीटर दूर स्थित बरुवा जाने के लिए इकलौता संपर्क मार्ग लगभग तीन साल से ध्वस्त है। सड़क पर गड्ढे हो चुके हैं। जिला पंचायत सदस्य उमाकांत त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, रगौली के ओमप्रकाश मिश्रा, हर प्रकाश मिश्रा, कृष्णगोविंद त्रिपाठी, सुनील पांडेय, अंशुमान पांडेय, राहुल पांडेय, आशीष, दीपक, अवनीश व रुपौली के संदीप कुमार, बोधनराम त्रिपाठी, रविशंकर, बाबूलाल आदि ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

**कई गांवों के लोगों का आवागमन:** इस मार्ग से रगौली, रुपौली, रीठी, तीरमऊ, भदेवरा, नोनागर, बरुवा, टिकरा, कुर्मी पुरवा आदि लगभग एक दर्जन गांवों का आवागमन होता है। गड्ढों में जलभराव होने से छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती हैं। प्रसवपीड़िताओं को राजापुर जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छात्र छात्राओं को भी विद्यालयों में जाने में परेशानी होती है।

**लोगों ने कहा, जल्द बने रास्ता:** बरुवा गांव के सुधीर सिंह, आत्मा सिंह, पिंटू सिंह, इंद्रास सिंह, रामबहादुर गौतम, ढोन्नू कोटार्य, रामबली निषाद, शिवलोचन निषाद, मंझा रैदास, इस्लाम मोहम्मद, राजू सिंह, दिनेश सिंह, रंगनाथ सिंह, मुंशीलाल गुप्ता आदि ने कहा कि इस रास्ते को जल्द बनवाना चाहिए। उन्होंने झूठे आश्वासन देने वाले नेताओं पर भी तंज कसा और दावा किया कि लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें नसीहत देने को तैयार बैठी है।

## एक नजर

### संजय बने सपा व्यापार सभा प्रदेश सचिव



बांदा : सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति के बाद सपा व्यापार सभा प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने संजय निगम अकेला को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव को पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए दायित्व की गरिमा के अनुरूप निष्ठा व ईमानदारी से व्यापारी हित में काम करने को कहा है।

### ज्ञानरंजन को मिलेगा प्रेमचंद्र स्मृति कथा सम्मान

बांदा : प्रेमचंद्र स्मृति कथा सम्मान एवं देवेंद्रनाथ खरे स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन रविवार को बड़ोखर खुर्द स्थित प्रेम सिंह की बगिया में होगा। प्रेमचंद्र स्मृति कथा सम्मान इस बार कथाकार ज्ञानरंजन को दिया जाएगा। चंचल चौहान इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्ष मंडल में रामजी राय, नरेश सक्सेना, विभूति नारायण राय और शांति खरे को शामिल किया गया है। मुख्य वक्ता योगेंद्र आहूजा, संजीव कुमार, प्रणय कृष्ण, संजय जोशी, संजय श्रीवास्तव और मनोज कुमार होंगे, जबकि संचालन सुधीर सिंह करेंगे। देवेंद्रनाथ खरे स्मृति व्याख्यान माला का विषय संस्कृति का सवाल और साहित्य सृजन की चुनौतियां होगा। बीज वक्तव्य के लिए बृजेश यादव को चुना गया है, जबकि मुख्य वक्ता प्रणय कृष्ण होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव कुमार और संचालन नीलाभ खरे करेंगे।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा : बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा बिहारी गांव निवासी बाला प्रसाद (60) पुत्र रामप्रसाद शुक्रवार की देर शाम बिसंडा बाजार से सामान खरीदकर पैदल अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मारकर फरार हो गये। मौके पर पहुंचे पुत्र ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया और वहां इलाज होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया।

# पांच निकायों के अधिशासी अधिकारियों का स्थानांतरण

**लोकसभा चुनाव से पहले शासन ने किया फेरबदल**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनावी शंखनाद से पहले शासन की तबादला नीति की शुरुआत हो गई। जिले की दो नगर पालिका और तीन नगर पंचायतों में तैनात अधिशासी अधिकारियों का शासन ने स्थानांतरण कर दिया। बांदा नगर पालिका महिला ईओ कमान संभालेंगी।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए शासन की तबादला एक्सप्रेस चल पड़ी है। इसी क्रम में जिले में पिछले कई वर्षों से नगर निकायों में तैनात रहे अधिशासी अधिकारियों का शासन ने स्थानांतरण किया है। लोकसभा चुनाव से पहले अधिकारियों का तबादला होने से जनता में जल्द ही चुनाव की अधिसूचना घोषित होने की चर्चा आम हो गई है। नगर पालिका परिषद बांदा के ईओ रहे बुद्धिप्रकाश को मैनपुरी भेजा गया। इनकी जगह पर कन्नौज की ईओ नीलम चैधरी अब यहां कार्यभार संभालेंगी। इसी तरह अतर्रा नगर पालिका परिषद ईओ राम सिंह को कौशांबी जनपद के भरवारी भेजा गया। इनके स्थान पर अजय कुमार सिंह हाटा (कुशीनगर) को चार्ज दिया गया। बबेरू व तिंदवारी नगर पंचायत के प्रभारी ईओ रहे रामबदन यादव को ईओ बस्ती और मटौंध नगर पंचायत के ईओ विजय बहादुर को जालौन ईओ बनाकर भेजा गया है।

# राजकीय सम्मान के साथ पूर्व सैनिक का अंतिम संस्कार

**सड़क हादसे में एक दिन पूर्व हो गया था निधन, गांव के हर बाशिंदे की आंख से छलके आंसू**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में मृत्यु के बाद पूर्व सैनिक का उनके पुश्तैनी गांव में आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें दस पूर्व सैनिकों समेत पांच सेवारत सैनिक और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान सभी की आंखों में छलकते आंसू बता रहे थे कि उन्होंने अपने गांव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों के दिलों में कितनी जगह बनाई थी।

पूर्व सैनिक पुन्ना सिंह चौहान की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। असामयिक मौत से पूर्व सैनिक का पूरा परिवार सदमे में है। शनिवार को उनके पार्थिव शरीर का उनके पुश्तैनी गांव सिकुआ में राजकीय सम्मान के साथ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष कप्तान एसबी सिंह राठौड़, सचिव सूबेदार मेजर दयाशंकर तिवारी, उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर रामनरेश सिंह, सूबेदार मेजर गेंदा सिंह, हवलदार इंद्रबहादुर सिंह समेत 10 पूर्व सैनिकों समेत थानाध्यक्ष जसपुरा के पांच सेवारत सैनिक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव वापस लौटने के बाद भी स्व.पुन्ना सिंह चौहान में देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनमें देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा था। गांव की चौपाल पर अक्सर शाम के वक्त वे गांव के बच्चों को एकत्र कर अपनी तैनाती स्थल की आपबीती सुनाते थे और बच्चों को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित करते थे। वे चाहते थे कि हर गांव में भारतमाता की प्रतिमा स्थापित की जाए, जिससे समूचे राष्ट्र को देश सेवा के लिए हमेशा प्रेरणा मिलती रहे।



अंतिम संस्कार में शामिल पूर्व सैनिक। अमृत विचार

# संपूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतें निपटी

**सदर तहसील में डीएम व एसपी ने सुनीं फरियाद**

**शिकायतों को समय से निस्तारित कराने के दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** शासन के निर्देश पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोगों की फरियादें सुनीं। 44 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें सिर्फ 10 फरियादियों की समस्या का ही समाधान हो सका। संबंधित विभागीय अधिकारियों को शेष शिकायती पत्र सौंपकर डीएम ने गुणवत्ता व समय से निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को सदर तहसील में हुआ। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल और एसपी अंकुर अग्रवाल ने शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत व अन्य विभागों से संबंधित 44 शिकायती पत्र पेश हुए। इनमें मौके पर सिर्फ 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर समय व गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराने के निर्देश दिए। शहर के गायत्री नगर निवासी चंद्रशेखर तिवारी व कनवारा गांव के मजरा निवासी धनीराम द्वारा भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम सदर को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने जसपुरा व जमालपुर गांव निवासी दिव्यांगों को मुख्यमंत्री आवास, मोटर्राइज्जड ट्राईसाइकिल व आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को कहा। अंबेडकर नगर निवासी महिला व्यापारी अर्चना वर्मा की शिकायत पर डीएम ने कोतवाली प्रभारी को जांच कर दबंग के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायती पत्रों पर सुनवाई करते हुए निस्तारण किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, एडीएम राजेश कुमार, एसडीएम सदर रजत वर्मा, तहसीलदार सदर राधेश्याम सहित नायब तहसीलदार व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते आयुक्त व डीआईजी।

### गौशाला में गौवंशों की मौत पर हुई शिकायत

संपूर्ण समाधान दिवस नरैनी में विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के अध्यक्ष सोनू करवरिया ने अवगत कराया कि महुआ ब्लॉक में संचालित रिसौरा ग्राम पंचायत की गौशाला में प्रतिदिन दो से चार गौवंश भूख से तड़प कर मर रहे हैं। बताया कि शुक्रवार को शाम तकरीबन चार बजे जब वह गौशाला पहुंचे तो एक गौवंश मरणासन्न अवस्था में मिला, जिसे कौवे नोच रहे थे। इसकी सूचना बीडीओ व जिम्मेदार अधिकारियों को दी। गौशाला में सिर्फ दिखावे को भूसा व पुआल रखा गया था। गौवंशों को खाने को कुछ नहीं दिया जाता था। बताया कि उनकी समिति ने कई बार इस गौशाला का निरीक्षण भी किया। जो गौवंश भूख से मृत पाए जाते थे उनकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जाती थी। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर ग्राम प्रधान रिसौरा को नोटिस भी जारी की थी। ग्राम प्रधान द्वारा गोलमोल जवाब देकर प्रशासन को गुमराह करने की का प्रयास किया जा रहा है। नोटिस के बावजूद ग्राम प्रधान गौशाला में कोई भी सुधार करने को तैयार नहीं है।

### 38 शिकायतों में से तीन का हुआ निस्तारण

नरैनी में संपूर्ण समाधान दिवस आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह की मौजूदगी संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 मामले आए, जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। निस्तारित मामलों में एक पुलिस और दो राजस्व विभाग से संबंधित थे। आयुक्त ने अन्य आए हुए मामलों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच कर तत्काल निस्तारण किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी विकास यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी, खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, तहसीलदार लखन लाल राजपूत, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रशासनिक जज के आश्वासन पर वकीलों की हड़ताल खत्म



अधिवक्ताओं को संबोधित करते बार अध्यक्ष। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** दो सूत्रीय मांगों को लेकर जारी अधिवक्ताओं की बेमियादी हड़ताल प्रशासनिक जज के आश्वासन पर खत्म हो गई। आम सभा की बैठक में अधिवक्ताओं ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा करते हुए सोमवार से काम पर लौटने की बात कही।

दो सूत्रीय मांगों को लेकर जिला अधिवक्ता संघ के आह्वान पर पिछले 15 दिनों से वकीलों के हड़ताल में चले जाने से अदालती कामकाज ठप रहा। शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ प्रतिनिधि मंडल ने उच्च न्यायालय (लखनऊ) में प्रशासनिक जज से मुलाकात करते हुए मांग और समस्याएं बताईं। प्रशासनिक जज ने दूरभाष के माध्यम से जनपद न्यायाधीश को बेंच और बार का सामांजस्य बनाकर समस्याएं निस्तारित करने को कहा। दोपहर बाद इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष अशोक अवस्थी व सदस्य गंगा प्रसाद पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, राकेश सिन्हा, उमाशंकर शर्मा की निगरानी में जिला अधिवक्ता संघ भवन में अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित आम सभा की बैठक में बेमियादी हड़ताल खत्म करने की घोषणा की गई। निर्णय लिया गया कि सोमवार से अधिवक्ता पहले की तरह न्यायिक कार्य करेंगे। इस दौरान शंकर सिंह, रामस्वरूप सिंह, जागेश्वर यादव, राजाभइया मिश्रा, सत्यदेव त्रिपाठी, अवधेश गुप्ता, राममिलन सिंह पटेल, रामप्रकाश शिवहरे, अजय प्रजापति, नवीन निगम आदि उपस्थित रहे। संचालन महासचिव ओमप्रकाश गौतम ने किया।

# अतर्रा में 90 लाख की संपत्ति जब्त, दो गिरफ्तार

**अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर चला पुलिस का डंडा**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** अपराधियों एवं माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में शनिवार को बांदा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 2 अभियुक्तों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई तकरीबन 90 लाख की सम्पत्ति को कुर्क कर लिया। अभियुक्तों के खिलाफ थाना अतर्रा में गैंगस्टर एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमे पंजीकृत हैं।

पुलिस द्वारा शनिवार को थाना अतर्रा क्षेत्र के कस्बा के अत्री नगर के रहने वाले अभियुक्त शिवनरेश उर्फ राजा द्विवेदी पुत्र कैलाश द्विवेदी व सौरभ गुप्ता उर्फ हनुआ पुत्र श्रीकान्त गुप्ता द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई कुल 89 लाख 22 हजार 50 रुपये की अवैध सम्पत्ति को कुर्क कर लिया गया। गौरतलब हो, कि अभियुक्त शिवनरेश द्विवेदी द्वारा सौरभ गुप्ता व अन्य अभियुक्तों के साथ गिरोह बनाकर लगातार आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप सम्पत्ति का अर्जन किया जा रहा था। अभियुक्त शिवनरेश उर्फ राजा द्विवेदी के ऊपर हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट सहित गम्भीर धाराओं में कुल 4 अभियोग तथा अभियुक्त सौरभ गुप्ता के ऊपर हत्या, गैंगस्टर एक्ट, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी समेत कुल 6 अभियोग थाना अतर्रा में पंजीकृत हैं। थाना अतर्रा में धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बदौसा विजय कुमार कुशवाहा द्वारा की जा रही थी। अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति को लेकर न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ने 28 अगस्त 2023 को कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए गए थे। गैंगस्टर एक्ट की 14(1) के तहत कार्यवाही करते शनिवार की शाम को अभियुक्त शिवनरेश उर्फ राजा द्विवेदी व सौरभ गुप्ता द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई तकरीबन 90 लाख रुपये की सम्पत्ति को जब्त कर लिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अतर्रा रावेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा/नगर गवेन्द्र पाल गौतम, प्रभारी निरीक्षक अतर्रा पंकज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष बदौसा अनिलt कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।



अभियुक्त के मकान में कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस।

### ये है अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास

अभियुक्त शिवनरेश उर्फ राजा द्विवेदी की जब्त अचल सम्पत्ति में 3 मकान व 3 प्लाट (कीमत-7695290 रुपये) और अभियुक्त सौरभ गुप्ता उर्फ हनुआ की जब्त अचल सम्पत्ति में 1 मकान (कीमत-1226760 रुपये) बताई जा रही है। अभियुक्त शिवनरेश उर्फ राजा द्विवेदी के खिलाफ जनपद के अतर्रा थाने में गैंगस्टर समेत चार मुकदमे पंजीकृत हैं, जबकि अभियुक्त सौरभ गुप्ता उर्फ हनुआ के खिलाफ गैंगस्टर समेत आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# विवादित मामलों का 90 दिन के अंदर करें निस्तारण

**डीएम ने सदर तहसील के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ने सदर तहसील के वार्षिक निरीक्षण के दौरान सभी पटलों का निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अविवादित का 45 और विवादित मामलों का 90 दिन के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि बैनामा के बाद दाखिल खारिज के मामलों का भी निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर किए जाए।



तहसील के पटल का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने शनिवार को सदर तहसील का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों भूलेख अनुभाग, नजारत, आरके, भूलेख अभिलेखागार व मतदाता पंजीकरण केंद्र को देखा। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि कोई भी वाद अधिक दिनों तक लंबित न रखकर उनका प्राथमिकता व समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने वरासत के मामलों को भी समय से निस्तारण करने के निर्देश राजस्व कर्मियों को दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि बैनामा के बाद दाखिल खारिज के ऐसे मामले जिनमें बिचौलियों द्वारा अनावश्यक आपत्तियां दी जाती हैं ऐसे मामलों की आपत्तियों को तत्काल खारिज करें और संबंधित संपति के मालिक व हिस्सेदार द्वारा ही आपत्ती लगाए जाने पर उसे मान्य मानते हुए मामले का निस्तारण 45 दिनों के अंदर तथा विवादित मामलों का निस्तारण 90 दिन के भीतर अवश्य करें। उन्होंने दैवीय आपदा के मामलों को भी संज्ञान में लेते हुए कहा कि दैवीय आपदा से मृत्यु होने के बाद पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि वरासत के मामलों का निस्तारण शीघ्र करें और किसी भी दशा में लंबित नहीं रहना चाहिए। कहा कि संबंधित का नाम कंप्यूटराइज खतौनी में भी दर्ज किया जाए, जो भी बैनामा प्राप्त हो रहे हैं उनको अभिलेखों में समय से दर्ज किया जाए।

## जनपद के 58 केंद्रों में 15 मार्च से होगी गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार : इस वर्ष सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद निर्धारित समय से 15 दिन पहले 15 मार्च से शुरू हो जाएगी। खरीद 15 जून तक चलेगी। इसके लिए जनपद में 58 गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं। इस वर्ष सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2275 निर्धारत किया है। किसानों को इन केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अनिवार्यता होगी। पंजीकरण पहली जनवरी से आरंभ हो गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में विपणन वर्ष 2024-25 अन्तर्गत सरकारी केन्द्रों पर किसानों से गेंहू की खरीद आगामी 15 मार्च से शुरू होगी। इस बार गेंहू की खरीद 15 दिन पूर्व प्रारम्भ हो रही है। यह खरीद 15 जून तक चलेगी। खरीद के लिए जनपद में कुल 58 केन्द्र खोले गये हैं। इन केन्द्रों पर गेंहू बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना जरूरी है। गेंहू खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पहली जनवरी से प्रारम्भ हो गया है। जिन किसानों ने बीते वर्षों में धान व गेंहू खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है। उन्हें इसके लिए अपने पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को संशोधित करना होगा। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रुपये प्रति कुन्तल अधिक है। गेहूं का भुगतान किसानों को उन्हीं बैंक खाता में किया जायेगा, जो आधार से लिंक एवं एनपीसीआई में मैप्ड होंगे। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या जिला खाद्य विपणन अधिकारी समेत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

## सभी मनुष्यों में प्रभु को मानना चाहिए

संवाददाता, अतर्रा (बांदा), अमृत विचार : उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत खेरिया स्थित हनुमान कुटी के पावन स्थल पर आयोजित 17वें राष्ट्रीय ग्रामीणांचल रामायण मेले का उद्घाटन करते हुए यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि गांव के विकास और समाज में व्याप्त विसंगतियों के निवारण में ऐसे आयोजनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमारी संस्कृति भी जीवंत होती है। रामायण मेले के दूसरे दिन प्रज्ञाचक्षु रवींद्र तिवारी ने रामचरित मानस की चौपाई प्रभु व्यापक सर्वग समाना, प्रेम से प्रकट होई मय जाना पर व्यापक व्याख्या दी। कहा कि सभी मनुष्यों में प्रभु को मानना चाहिए। भिंड (मध्य प्रदेश) के डा.देवेंद्र चौहान ने श्रीराम भरत के प्रेम पर चर्चा करते हुए कहा कि भरत ध्वज के झंडे की तरह है, वहीं ध्वज श्रीराम हैं। मानस मर्मज्ञ जयगोपाल सिंह ने राम अवध से आए हैं शीर्षक का भजन का प्रस्तुतीकरण करके सभी को भक्तिभाव से विभेर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत रमेश पाल द्वार दीवारी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुती सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रंखला में दी गई। जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक विमलकांत तिवारी, विवेकबिंदु तिवारी, प्रकाश त्रिवेदी, पंकज तिवारी के अलावा गुड्डू पांडेय, धर्मेंद्र यादव, राजकुमार, हितेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्यशाला** — आदर्श शिक्षा निकेतन में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बच्चों के लिए माता-पिता से बेहतर कोई और काउंसलर नहीं

# मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल से डिप्रेशन के शिकार हो रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने शनिवार को आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में साइकोलॉजिस्ट ने बताया कि बच्चे मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं, जिसे बाहर निकालना होगा।

क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ.रिजवाना हाशमी ने बताया कि बच्चों को परीक्षा के समय एंजायटी हो जाती है, जिसके लिए बच्चों के सबसे अच्छे काउंसलर उनके माता-पिता होते हैं। बच्चों में यदि अत्यधिक जिद्दी स्वभाव, झूठ बोलने की आदत, लोगों का सामान चुराने की आदत और नकारात्मक विचार आते हैं, तो ओपीडी 4 मनकक्ष में काउंसलिंग करा सकते हैं। साथ ही 8528709525 नंबर पर ऑनलाइन काउंसलिंग भी ले सकते हैं। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में खान-पान बिगड़ता जा रहा है। साथ ही बच्चे मोबाइल को एक नशे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे बच्चों में याददाश्त कमजोर होना, मानसिक तनाव होना, बुरे विचार आना एवं चिंता व हताशा के भाव आते हैं। इससे बचने के लिए बच्चों को पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। सुबह उठकर योग एवं प्राणायाम करना चाहिए। अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। मोबाइल का प्रयोग आवश्यकता अनुसार एवं कम करना चाहिए। साथ ही किसी प्रकार की काउंसलिंग के लिए 14416 में कॉल करके सहायता ले सकते हैं। कार्यशाला में किशोर परामर्शदाता चंद्रेश गुप्ता, किशोरी परामर्शदात्री वंदना तिवारी एवं काउंसलर वर्षा गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यशाला में मानवाधिकार के प्रवीण चौहान ने बच्चों को प्रेरक कहानियों के माध्यम से जागरूक किया। आदर्श शिक्षा निकेतन की प्रधानाचार्य वर्णमाला चौहान ने जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला के बाद बच्चों से प्रश्नोत्तरी कर पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्तकर्ता बच्चे प्रांजल चतुर्वेदी ,खुशी यादव, प्रांसी, कृष्णा शुक्ला, राधिका, ओम सिंह, नंदिनी मिश्रा, प्रेम कुमारी, सिमरन बानो आदि बच्चे सम्मिलित हुए।



मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में शामिल बच्चे।

# जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** ठिठुरती ठंड में रजाई व कंबल के सहारे घरों में लोग सो जाते हैं, लेकिन उनकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंडी रात गुजारते हैं। इसी क्रम में महुआ ब्लाक अंतर्गत पतौरा गांव में शासन द्वारा मुहैया कराए कंबलों का वितरण ग्राम प्रधान व राजस्व अधिकारियों की देखरेख में हुआ। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

दिन के समय ठंड का असर भले ही कम हुआ हो, लेकिन सूरज ढलते ही ठंड के साथ गलन का असर फिर दिखने लगता है। रात को ठिठुरती ठंड में रजाई व कंबल के सहारे घरों में लोग सो जाते हैं, लेकिन उनकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंडी रात गुजारते हैं। शनिवार को महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा ग्राम प्रधान विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में शनिवार को दो सैकड़ा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। ठंड के मौसम में कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरे खिल गए। ग्राम प्रधान ने कहा कि गांव में ऐसे भी लोग हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए साधन नहीं है। जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का काम है। समाज के संपन्न लोगों को जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के भी चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान पंचायत सचिव शेफाली मिश्रा, लेखपाल रामप्रसाद, पंचायत सहायक क्षमा तिवारी, समाजसेवी बृजकिशोर त्रिपाठी, ओमप्रकाश शुक्ला, मूलचंद्र शुक्ला, कल्लू वर्मा, देवीदयाल, छोटू यादव समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।



कंबल बांटते ओमप्रकाश त्रिपाठी। अमृत विचार

## एक नजर

### मध्यस्थता केंद्र के सहयोग से एक परिवार फिर मिला

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थ अधिवक्ता राजनारायण निगम के प्रयास से सुर्मिला पुत्री भगवानदीन निवासी ग्राम शिवनी थाना कुरारा और रामबाबू पुत्र रामगोपाल निवासी चंतेला थाना कदौरा के बीच पारिवारिक विवादों का सुलह समझौते से निस्तारण कराया गया। दंपत्ति द्वारा साथ-साथ रहने की सहमति व्यक्त की गई। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा और अपर जिला जज/सचिव श्रीमती गीतांजलि गर्ग ने दोनों पक्ष को बधाई दी और मध्यस्थत अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया।

### अमगांव मोड़ के पास भिड़ीं बाइकें, दो घायल

**राठ।** उरई मार्ग पर अमगांव मोड़ के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच हुई भीषण भिड़ंत में दो लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गय। जलालपुर थाने के कदौरा गांव निवासी नरेंद्र पुत्र शिवप्रसाद अपने गांव कदौरा से राठ की ओर आ रहा था। अमगांव मोड़ पर खेड़ाशिलाजीत गाँव निवासी रामबाबू की बाइक से सीधी भिडंत हो गई। दोनों बाइकों पर सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**सरीला।** सरीला कस्बे के मांझखोर निवासी गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अखिलेश राजपूत पुत्र रामस्वरूप लोधी के खिलाफ 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना जलालपुर द्वारा प्रेषित धारा-14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी की संपत्ति में बाइक व एक महिंद्रा ट्रैक्टर जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख पांच हजार रुपये हैं पुलिस ने कुर्क की है। आरोपी अखिलेश राजपूत गैंगस्टर किस्म का व्यक्ति है। यह हत्या का प्रयास/मारपीट/गुंडा-गर्दी/जनता के लोगों को जान से मारने की धमकी देने जैसी घटना कारित करता है। इसके पास जीविकोपार्जन के लिए अपराध के अलावा कोई अन्य व्यवसाय नहीं है।

### पिता-पुत्र ने महिला व उसके परिजनों को पीटा

**राठ।** छोटी जुल्हैटी मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसके घर के पास मकान निर्माण संबंधी कार्य चल रहा था। बताया कि तभी मकान निर्माण संबंधी कार्य को लेकर हुए विवाद के चलते उसके पड़ोस में रहने वाला अतेंद्र सिंह वह उसका पुत्र प्रियांशु उसके साथ गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होती देखकर जब उसके परिजन उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपियों ने उसके परिजनों के साथ भी जमकर मारपीट कर दी। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया घटना की जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने चकदाहा के मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने तहसील मौदहा में लोगो द्वारा क्रय की गई भूमि में कम मूल्य के स्टांप अदा किए जाने के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें सर्किल रेट के अनुसार कम स्टांप अदा करना पाया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय चकदहा का निरीक्षण कर हो रहे भवन निर्माण कार्यो व भोजन तथा शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। इसी के साथ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही ग्राम चकदहा में चल रहे मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जॉब कार्ड धारकों से जानकारी ली वहीं समय से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीजे बजाने को लेकर विवाद में युवक को चाकुओं से गोदा

**मौदहा, अमृत विचार।** घर में हो रहे पारिवारिक कार्यक्रम में डीजे की धुन पर नाचने के बाद उपजे विवाद में कुछ युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के चाचा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

ललपुरा थानाक्षेत्र के ग्राम परसनी निवासी जुम्मन पुत्र रमजानी ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके रिश्तेदार कस्बे के फत्तेपुर नई बस्ती निवासी राजू पुत्र चांद खान के यहां एक पारिवारिक आयोजन में वह अपने भतीजे आमिर खान पुत्र मुन्ना के साथ आया था। रात में चल रहे कार्यक्रम में डीजे की धुन पर युवक थिरक रहे थे। जिनमें अधिकांश युवक शराब पिए हुए थे। इसी दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें लबी खान पुत्र चांद खान, साहिल पुत्र राजू और राजेंद्र उर्फ डेंगा पुत्र राजू सोनी निवासी फत्तेपुर ने उसके भतीजे पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से युवक को गर्दन और कान में गंभीर चोटों के चलते मेडिकल कालेज कानपुर रेफर किया गया है। जहां पर युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों युवकों पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दर्ज की गईं 57 शिकायतों में सिर्फ 6 निस्तारित

**मौदहा, अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कस्बे के कई स्थानों में भीषण पेयजल किल्लत, पेंशन, आवास आदि के मामले छाए रहे। सिचौली पुरवा बस्ती के दिव्यांगों सहित महिला व पुरुषों ने कहा वह पांच बार समाधान दिवसों में पानी की समस्या समाधान की मांग कर चुके हैं। आज भी वह बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। कहा सड़क खुदी पड़ी है मगर मरम्मत तक नहीं हुई।

कस्बे के हुसैनगंज में सपा जिला उपाध्यक्ष जावेद मेजर सहित बाशिंदों ने एक महीने से वह भीषण पेयजल किल्लत की शिकायत की।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

वृद्धावस्था पेंशन के कई मामलों में वृद्धों ने शिकायत दर्ज कराई उन्हें 10-10 माह से पेंशन का पैसा ही मुहैया नहीं हुआ। उधर प्रधानमंत्री आवास के मामले में अवर अभियंता पर सीधे लोगों ने पैसा लेकर नाम बढ़ाने और काटने का भी आरोप लगाया। दर्जनों महिलाएं पात्र होने का दावा करती रहीं। फरियादियों की खासी भीड़ उमड़ी। कुल 57 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें नौ के निस्तारित करने का दावा किया गया। पुलिस विभाग से जुड़े मामले काफी संख्या में दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त अन्ना पशुओं, खाद्य सुरक्षा, पीएम आवास, पुलिस विभाग से सम्बंधित मामले दर्ज किए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम, तहसीलदार बलराम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी सहित जनपद के अन्य आलाधिकारी मौजूद रहे।

### सरीला में 35 में 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण

तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम सुरेन्द्र कुमार यादव व अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें आई। जिननमें पांच का मौके पर निस्तारण हुआ, शेष को एक हफ्ते में निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में खेड़ा शिलाजीत के सीताराम ने खड़ंजा डलवाने की मांग की है। उमरिया की गोमती ने विकलांग पेंशन दिलाने की मांग की है। पबई गांव निवासी हरचरन ने गांव के ही मुन्नालाल पर पर धोखाधड़ी कर दो लाख रुपये लाइफ टाइम बीमा में जमा कर देने का आरोप लगाया है। सरीला की सोमवती व संपत रानी ने रुकी हुई पेंशन चालू कराने की मांग की है। समाधान दिवस में 35 शिकायतें आई, जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्र एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## डंपर की टक्कर से स्कूटी बनी आग का गोला

**महिला की मौत, पति व नातिन गंभीर रूप से झुलसे, यमुना पुल पर हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शनिवार की दोपहर कानपुर नगर के सजेती थानाक्षेत्र में यमुना पुल में एक स्कूटी सवार लोगों को पीछे आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। साथ ही डंपर महिला को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं स्कूटी में लगी आग से छह वर्षीय नातिन गंभीर रूप से झुलस गई। नातिन को बचाने में स्कूटी चालक भी झुलस गया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही दमकल की मदद से स्कूटी की आग बुझाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से हाईवे में जाम लग गया। जिसे पुलिस ने धीरे धीरे बहाल कराया।


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

सदर कोतवाली क्षेत्र के भिलावां मोहल्ला निवासी बर्तन दुकानदार रामकिशोर सचान (55) ने बताया शुक्रवार को साले की पुत्री की गोद भराई में शामिल होने के लिए पत्नी मीरा सचान (50) व नातिन वाणी (06) पुत्री विंशुल सचान के साथ पुखराया गया था। शनिवार को सुबह पत्नी व नातिन के साथ स्कूटी से वापस घर आ रहा था। दोपहर करीब 12:30 बजे कानपुर नगर के सजेती थानाक्षेत्र में कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में यमुना पुल में पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। घटना में पत्नी स्कूटी से उछलकर सड़क में गिर गई। जिससे डंपर उसे कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं टक्कर से स्कूटी में आग लग गई। जिससे उसकी नातिन व वह स्वयं गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दमकल ने आग पर काबू पाया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना से कुछ समय के लिए हाईवे में जाम लग गया। जिसे पुलिस ने धीरे धीरे बहाल कराया।

### ई-रिक्शा पेड़ से टकराया तीन लोग घायल

**पौथिया।** सवारी लेकर जा रहा ई रिक्शा कुंडौरा पौथिया मार्ग पर बबूल के पेड़ से टकरा गया। शनिवार को सुबह क़रीब नौ बजे शिकरी गांव से ई रिक्शा में आधा लोगों को बैठाकर सुमेरपुर छोड़ने जा रहा था। तभी पौथिया कुंडौरा मार्ग में महमूदपुर गौशाला के निकट ई रिक्शा असंतुलित होकर एक बबूल के पेड़ से जा टकराया। जिससे शिकरी गांव निवासी रामकिशोर पाल, बिदुर धुरिया व अमर सिंह घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सभी लोग सुमेरपुर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे।

### बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल

**मुस्करा।** कस्बा निवासी अभिषेक राजपूत 38 पुत्र रूपा राजपूत ने बताया कि वह रानी अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं। शनिवार को सुबह अपने सहयोगी अध्यापक सुमित्रानंदन 40 पुत्र कालीचरण निवासी गुंदेला के साथ बाइक से विद्यालय जा रहे थे। तभी मुस्करा हमीरपुर मुख्य मार्ग में स्थित रानी अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज के गेट के सामने जैसे ही विद्यालय के अंदर जाने के लिए मुड़े तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह स्वयं व सुमित्रा नंदन सहित दूसरी बाइक में सवार रईस 17 व शहीद 19 पुत्रगण मुन्ना खान निवासी टिकरिया थाना राठ घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन ने अपनी गाड़ी से घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

## सार-संक्षेप

### गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन


विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस के मॉडलों को देखते भाजपा जिलाध्यक्ष व चेयरमैन।

**कुरारा।** कस्बा के बड़ी देवी मंदिर के पास गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल बनाएं। जिसमें प्रदूषण कैसे कम करें, पानी को कैसे बचाएं, चंद्रयान मिसाइल आदि के बारे में जानकारी देते हुए विज्ञान मॉडल बनाकर अपने अपने स्टाल लगाए। इन स्टालों में पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष ने इनका निरीक्षण किया और छात्र छात्राओं से इनके बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्र छात्राओं के मॉडलों की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय प्रबंधक सत्य प्रकाश गुप्ता, कल्पना गुप्ता, गीता, सुभाष, बृजेश, आयुष निगम आदि मौजूद रहे।

### एससीएसटी मामले में दोषी को दो वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** अनुसूचित जाति के युवक पर मारपीट करने के 11 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट विनीत कुमार वासवानी की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी को दो वर्ष की सजा व छह हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि बिवांर थानाक्षेत्र के भरखरी गांव निवासी पीड़ित रमेश उर्फ पप्पू ने दी तहरीर में बताया कि 31 अक्तूबर 2012 की सुबह वह शौंच को गया था। तभी गांव निवासी अभिनय सिंह उसके घर पर आकर गाली गलौज करते हुए बोला कि जिस जगह पर तुम लोग उपले पाथती हो, वहां पर अब नहीं जाना। कहा कि अगर नहीं माने तो विवाद होगा। जब वह घर पर आया तो उसकी पत्नी व मोहल्ले के लोगों ने उसे बताया। तब कुछ लोगों ने कहा कि शाम को उसे समझा देगें। जब वह बाहर जाने लगा तो गांव के बाहर अभिनय, धीरेंद्र व उनके पिता राजू सिंह पीछे से आकर उसके सिर पर लाठी मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। दूसरी लाठी राजू सिंह ने मारी जो उसके हाथ में लगी। जब उसे बचाने संतोष आया तो उसके साथ भी मारपीट की और जानमाल की धमकी देते चले गए। पुलिस ने दोषी राजू सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले में अदालत ने दोषी को सजा सुनाई है। अभियुक्त पूर्व से अपराध कार्य करते हुए आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहकर संपत्ति संबंधी आपराधिक कार्य कर अपराध से अर्जित अवैध धन (चल/अचल) संपत्ति को अपने नाम विभिन्न प्रकार की संपत्ति अर्जित करता रहता है।

### भाजपा किसान मोर्चा की कार्यशाला में चुनाव पर हुई चर्चा


किसान मोर्चा की कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

**सुमेरपुर।** विकासखंड के ग्राम टेढ़ा में स्वामी विश्वेश्वरानंद खेल मैदान में भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री शिव प्रकाश सिंह सेंगर कृष्ण कुमार, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील पाठक रहे। इस मौके पर किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ चौपाल लगाकर आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें किसान मोर्चा के पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचकर गांव के किसानों को सरकार के द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी। कार्यशाला में शिव प्रकाश सिंह उर्फ कल्लू, डॉ .उमाकांत राजपूत, महेंद्र सिंह गौतम, किसान मोर्चा जिला मंत्री सौरभ सिंह, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, चक्रवर्ती शुक्ला, मोहन कुशवाहा, अरविंद श्रीवास्तव, इंद्र प्रकाश बाजपेई, पवन शुक्ला, चेतन सिंह, अमित सिंह एवं किसान मोर्चा की सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छेड़खानी के मामले में आरोपी को 5 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- चने का साग तोड़ने गई किशोरी के साथ की थी युवक ने अश्लील हरकत
- आरोपी को 17 हजार अर्थदंड भी चुकाना होगा

**अमृत विचार।** छेड़खानी के आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने शनिवार को दोषी को पांच साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 17 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने एक फरवरी 2016 को दी तहरीर में बताया कि 31 जनवरी 2016 को उसकी 16 वर्षीय पुत्री दिन में करीब दो बजे सुखनंदन प्रजापति के खेत में चने का साग तोड़ने गई थी। वहीं पर दोषी अखिलेश कबीर पीड़िता से कहने लगा कि वह उससे मिलेगी कि नहीं और पीड़िता से छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता ने शोर मचाया तो दोषी ने उसका मुंह दबा दिया। साथ ही उसके कपड़े फाड़ दिए और मौके से भाग गया। पीड़िता ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी।



पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने दोषी अखिलेश को पांच साल का कठोर कारावास व 17 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न जमा करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## संविधान बचाने को लड़ें अगला चुनाव

**हमीरपुर, अमृत विचार।** सपा की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आंबेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का है। इसलिए सभी जी जान से अभी से जुट जाएं।

आंबेडकर वाहिनी के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव संविधान बचाव के रूप में लड़ा जा रहा है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव पूरे मनोबल से लड़ा जाएगा। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, शोषित, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के हकों को खत्म करने की कोशिश में जुटी हुई है। जिलाध्यक्ष ने सभी से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में अजय उर्फ कल्लू यादव, ओमप्रकाश वारसी, रितेश उर्फ बाबा लोधी के प्रदेश पदाधिकारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक में ज्ञान सिंह यादव, चंद्रावती वर्मा, नीरज कश्यप, गोकुल राजपूत, रामसजीवन यादव, छाया प्रजापति, मनप्यारे निषाद, नीलू यादव,


नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

पिंटू यादव, संजय यादव, जितेंद्र यादव, छोटू सिंह, रामभजन खंगार, प्रकाशबाबू शिवहरे आदि मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव राजेश विश्वकर्मा ने किया।

### पीडीए की घोर विरोधी है भाजपा : सुरेंद्र सिंह

**राठ।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीपी पखवाड़े के तहत शनिवार को पहरा, उमरिया में चौपाल लगाई गई। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से कहा भाजपा पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की घोर विरोधी है। हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। कहा कि आने वाली लोक सभा चुनाव में भाजपा को हराने के साथ लोकतंत्र बचाने का काम करना है। कहा कि आज कि लोकतंत्र में जब देखो नेताओं की मन की बात होती है। हमने यह कभी नहीं सुना कि जनता की मन की बात होती हो। कहा कि लोकतंत्र देश के लोगों से बना है। तो लोगों के मन की बात होनी चाहिए। इस दौरान अनेक लोगों ने भी संबोधित किया। इंद्रपाल लोधी, प्रेम बाबूजी समेत दर्जनों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खेलकूद

**चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया गया उद्घाटन**

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहले दिन खेले गए 4 लीग मैच

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इचौली गांव में महोत्सव का आयोजन चल रहा है। इस मौके पर चौधरी इंटर कालेज में चल रहे चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वालीबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को उद्घाटन साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने किया। पहले सेट में लीग मैचों में चार मैच खेले गए।

लीग का पहला मैच फतेहपुर डिपो व सुमेरपुर के बीच खेला गया। जिसमें फतेहपुर डिपो ने सुमेरपुर को 2-0 से हराया। दूसरे मैच में सजेती कानपुर ने सीपीएस इचौली को 2-1 से पराजित किया। तीसरा


वॉलीबॉल मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

मैच कंबाइंड हॉस्टल उप्र व मेरठ के बीच खेला गया। जिसमें कंबाइंड हॉस्टल ने 2-0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच चौधरी पहलवान सिंह इचौली व सुमेरपुर के बीच खेला गया। जिसमें इचौली ने सुमेरपुर को 4-0 से हराया। इस मौके पर पूर्व विधायक युवराज सिंह ने कहा कि गांवों में प्रतिभा की कमी नहीं हैं। इसलिए हमारे पिता ब्रजराज सिंह ने इस खेल को गांवों में कराने का निर्णय कर नींव रखी थीं, जो आज निरंतर चल रही हैं। मैच में रेफरी मुन्ना लाल, श्रीकृष्ण सिंह तथा कमेंटेटर ब्रजेश कुमार, शिवकुमार, गणेश प्रसाद ने निभाई। इस मौके पर राजकुमार शर्मा नोएडा, प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव, इंद्रजीत सिंह नन्ना, रविकरण, शिवकुमार गुप्ता, पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र सिंह, पुलिस चौकी इचौली प्रभारी रिंकू तिवारी, पूर्व प्रधान शिवमंगल तिवारी, तेजप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड गौरव महोत्सव को तैयारी शुरू

- खेल प्रतियोगिताओं सहित लोकनृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दो दिन मचेगी धूम

**हमीरपुर, अमृत विचार।** सोमवार से शुरू होने जा रहे दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। महोत्सव में बुंदेली लोकनृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित खेल प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी। महोत्सव में लोगों को वाटर स्पोर्ट्स सहित हॉट एयर बैलून की भी सैर कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव का कार्यक्रम पांच व छह फरवरी को होगा। सोमवार सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक कल्पवृक्ष में योग साधना कार्यक्रम होंगे। वहीं स्पोर्ट्स स्टेडियम में 7:30 बजे से 9:30 बजे तक हॉट एयर बैलून से आसमान में लोगों को सैर कराई जाएगी। 9:30 बजे से 10:30 बजे तक सरीला के शलेश्वर मंदिर हेरिटेज वॉक, 11 बजे से 02 बजे तक यमुना बेतवा संगम में पेंटिंग, रंगोली, मेंहदी व पतंगबाजी आदि प्रतियोगिताएं होगी। 11 बजे से 02 बजे तक चिन्हित शहीदों के गांवों में सम्मान समारोह व 11 बजे से चार बजे तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। 11:30 बजे से 2:30 बजे तक यमुना पुल से कल्पवृक्ष तक वाटर स्पोर्ट्स, 4 बजे से 6 बजे तक परेड मैदान में क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 5:30 बजे से 7:30 बजे तक स्टेडियम में टेथर्ड फ्लाइट व 6 बजे से रात 10 बजे तक परेड मैदान में लोकनृत्य व सुधीर यदुवंशी दिल्ली व स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। दूसरे दिन भी इन कार्यक्रमों के साथ की आतिशबाज, रूह बैण्ड की प्रस्तुतीकरण के कार्यक्रम संपन्न होगे। विभिन्न विभागों की 20 प्रदर्शनी भी लगेगी। उद्घाटन सोमवार शाम छह बजे सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, एमएलसी जीतेंद्र सेंगर, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, नगर अध्यक्ष कुलदीप निषाद व शिक्षक सांसद डॉ.बाबूलाल तिवारी मौजूद रहेंगे।

## एक नजर

### सात दिवसीय रामकथा के प्रथम दिन निकाली गई शोभा यात्रा

महोबा। कोतवाली चरखारी के ग्राम कुआं के समीप स्थित हनुमान मंदिर में सात दिवसीय रामकथा और महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसके प्रथम दिन शोभा यात्रा निकाली गई। बैंडबाजों और घोड़ों के साथ निकाली गई शोभा यात्रा में महिलाएं सिर कलश लिए थी और रामभक्त जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा है। ग्रामीणों द्वारा शोभा यात्रा दौरान पुष्प वर्षा भी की गई। शोभा यात्रा ग्राम बारी से होते हुए ग्राम कुआं पहुंची और वहां से सीहो नदी स्थित हनुमान मंदिर में जाकर समाप्त हुई। इसके बाद महाराज द्वारा रामकथा का उपस्थित रामभक्तों को रसपान कराया गया, जिसे सुनकर लोग रामभक्ति में खो गए। इस मौके पर कार्यक्रम अयोजक किशनदास महाराज एवं कथा यामान ओमशांति के अलावा महेश द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह, प्राण सिंह, सभाजीत यादव, मूलचंद विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### युवक को तीन साल की कारावास की सजा

महोबा। अपर जिला सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने किशोरी के साथ मोबाइल पर अश्लील बातें करने व गाली गलौज के मारपीट करने के मामले में अभियुक्त को तीन साल की आश्रम कारावास की सजा सुनाई व 11000 रुपए का जुर्माना भी ठोका। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। 18 फरवरी 2019 को थाना श्रीनगर के अनुसूचित जाति की 14 वर्षीय किशोरी को ग्राम सिजवाहा का एक युवक आए दिन मोबाइल पर घंटी करके अश्लील बातें करता था, इसकी इसकी जानकारी किशोरी ने अपने माता-पिता को दी। परिजनों ने मोबाइल पर इसका विरोध जताया। जिससे युवक किशोरी के घर जा धमका और किशोरी व उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। साथ ही जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। घटना के एक दिन बाद 19 फरवरी 2019 को पीड़िता के परिजनों ने थाना श्रीनगर में युवक वृंदावन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया पुलिस ने मामले में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। विद्वान न्यायाधीश ने शनिवार को दोनों पक्षों के गवार बहस और दलीलें सुनने के बाद वृंदावन को दोषी ठहराते हुए लैंगिक अपराधों में बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 3 साल की सश्रम कारावास और 3000 रुपए का अर्थदंड की लगाया गया।

# पांच घंटे तक आल्हा चौक और तहसील मार्ग जाम रहने से वाहन चालक परेशान

## तहसील मार्ग बंद होने से स्कूली बसों से आने वाले बच्चों को भी हुई असुविधा

कार्यालय संवाददाता महोबा


इंसुलेटिट लाइन बिछाता कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मुख्य मार्ग में आल्हा चौक के पास बिछाई जा रही इंसुलेटिट लाइन से जहां बिजली चोरी पर लगाम लगेगी वहीं आएदिन जर्जर हो चुकी वर्षों पुरानी बिजली लाइन के तार टूटने की घटनाओं से भी निजात मिलेगी, इससे तार टूटकर होने वाले हादसों से जहां एक तरफ लोगों को राहत मिल जाएगी वहीं दूसरी तरफ लाइन बिछाने के चक्कर में आल्हा चौक के तीनों तरफ बैरिकेडिंग और ट्रैक्टर लगाकर सड़क बंद कर दिए जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

आल्हा चौक से तहसील और नगर पालिका मार्ग, कोतवाली और पशु बाजार मार्ग आने जाने वाले वाहन चालकों को काफी लम्बा राउंड लगाकर आना जाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इस मार्ग से निकलने वाली स्कूली बसों का भी रुट बदल दिया गया, जिससे तहसील रोड और कोतवाली से पीडब्ल्यूडी मार्ग पर रहने वाले बच्चों को बस के घूमकर आने से काफी देर बाद घर पहुंचना पड़ा, इससे बच्चों के अभिभाव भी खासे परेशान दिखाई दिए। इस अव्यवस्था के चलते नागरिकों व शहरियों को भारी दिक्कत हुई।

गौरतलब है कि आल्हा चौक से दो मार्ग बने हुए हैं, लेकिन दोनो मार्गों को बैरिकेडिंग और ट्रैक्टर लगाकर सुबह करीब ग्यारह बजे से बंद कर दिया गया और चार बजे के बाद मार्ग को खोला गया, जिससे तहसील कोतवाली, नगर पालिका के आसपास निवास करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई, वहीं हवेली दरवाजा, बड़ीहाट, मकनियापुरा, नयापुरा नैकाना आदि मोहल्ले वासियों को काफी चक्कर लगाने के बाद गन्तव्य स्थान तक पहुंच सके। बिजली लाइन का कार्य मंदगति से चलने के घंटों सड़कों पर दुकानदारों के सामने तार व मशीनें इधर उधर खड़ी रहीं, जिससे दुकानदारी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

# पान किसानों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलाए जाने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता महोबा

**किसान पेरशान**


- इस साल ठंड और पाले की मार से आधे से ज्यादा पान फसल हुई प्रभावित

**अमृत विचार।** एक माह तक लगातार पड़ रही सर्दी और कोहरे की मार से देशावरी पान की फसल पर दिन प्रतिदिन संकट बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते पान खेती से अपनी जीविका चलाने वाले पाक किसान की इस साल सर्दी ने कमर तोड़कर रख दी है। सर्दी और पाले की मार के चलते इस साल पान फसल आधे से ज्यादा बर्बाद हो गई है, जिसके चलते पान किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुआफजा दिलाए जाने की मांग की है।

पान किसान रामेश्वर चौरसिया, नरेशचंद्र चौरसिया, संतोष चौरसिया, रामदास, परशुराम चौरसिया, छिद्दू, विजय कुमार चौरसिया, राजू, श्यामबाबू, जगदीश, राजाराम सहित तमाम किसानों ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि पहले यहां पान की खेती 600 एकड़ में की जाती थी और महोबा का देसावरी पान देश ही नहीं अरब देशों में भी भेजा जाता था, लेकिन साल दर साल प्राकृतिक आपदा के चलते हर साल इस खेती में नुकसान होता गया और वर्तमान में महज लगभग 18 एकड़ में ही खेती की जा रही। बताया इस साल भी एक माह तक पड़ी कड़ाके की ठंड और पाला पड़ने से पान की खेती बुरी तरह से प्रभावित हो गई है।

पान किसानों ने बताया कि उनके इस मुश्तैनी खेती में इस साल बेहद ज्यादा ठंड और पाला पड़ने से पान की खेती करने वाले ज्यादासतर चौरसिया समाज के लोगों के समक्ष अपने परिवार चलाने में मुश्किल हो रही है, वह पान खेती आ ही आश्रित है और उसी से बच्चों की पढ़ाई लिखाई व शादियों की जरुरतों को भी पूरा करते हैं, लेकिन इस साल पाला पड़ने से आधे ज्यादा पान की फसल प्रभावित हो हो गई है, जिसके चलते पान किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। किसानों ने जिलाधिकारी से खराब फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आई 57 शिकायतों में छह का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता कुलपहाड़, महोबा

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुलपहाड़ में सीडीओ चित्रसेन सिंह की अध्यक्षता में और अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार की मौजूदगी में किया गया। अस मौके पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर आई कुल 57 शिकायतों में से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया साथ ही शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। इसलिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेकर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से बात कर उसका निस्तारण कराए, इसमें किसी भी तरह की मनमानी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। कहा कि फरियादी दूर दराज से बड़ी उम्मीद के साथ शिकायते लेकर आते हैं, उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार किया जाए। इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में 18 में से 01 तथा तहसील महोबा में उपजिलाधिकारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 11 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।


शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

- संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की जुटी भारी भीड़

**विधवा व वृद्धा पेंशन की महिलाओं ने उठाई मांग**

- संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर शिकायतकर्ता रामप्रकाश ग्राम मगरौन, बारेलाल ग्राम चुरारी, बाबू ग्राम सौरा, ब्रजलाल ग्राम जारुआ आदि शिकायतकर्ताओं ने भूमि से संबन्धित शिकायत की। फुलिया, इसराज, रामलाल, गिरजारानी निवासी कुलपहाड़ ने वृद्धा और विधवा पेंशन दिलाए जाने की मांग की। राहुल पुत्र कमलेश ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी व ओपीडी को महिला बिंग इमारत से हटाकर यथा स्थान इमारत में संचालित की मांग की है।


स्मार्टफोन दिखाते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

## जय बुंदेलखण्ड महाविद्यालय में किया गया स्मार्ट फोन वितरण का आयोजन

**संवाददाता कुलपहाड़, महोबा।** जय बुंदेलखंड महाविद्यालय कुलपहाड़ में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मुफ्त मोबाइल पाकर छात्र छात्राएं खुश नजर आए। इस मौके पर विद्यार्थियों से नमोएप डाउनलोड करने की अपील की गई, जिससे विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व अन्य जानकारी घर बैठे प्रदान कर सके। भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह उर्फ मानू राजा ने स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण करते हुए कहा कि सरकार तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए फोन उपलब्ध करा रही है, जिससे छात्र भी इस मोबाइल का सदुपयोग कर तकनीकी शिक्षा का ज्ञान अर्जित कर मन लगाकर पढ़ाई करें, जिससे आपका भविष्य उज्ज्वल बन सके और छात्र अपने परिवार व देश का नाम रोशन कर सकें। इसके अलावा सोनू सिंह परिहार, प्रभारी प्राचार्य डा0 कल्पना अवस्थी ने भी छात्रों को स्मार्टफोन वितरण कर इसके तकनीकी ज्ञान में सदुपयोग करने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक छोटेलाल, कृष्णकांत, इकलाख अहमद, अनूप यादव, नीरज, पुष्पा सेन, फरहद, सचिन, दशरथ, विपिन मिश्रा, राजेंद्र कुमार आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# अधिवक्ता समिति ने मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**मांग**

- अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को संबोधित ज्ञापन चरखारी विधायक को सौंपा

कार्यालय संवाददाता महोबा


ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

**अमृत विचार।** शहर में छतरपुर रोड पर मामना गांव के पास पूर्व में स्वीकृत मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य खजिन न्यास से कराए जाने की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता समिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत को सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में जल्द से जल्द मेडिकल कालेज निर्माण कराए जाने की भी मांग की गई है।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में बताया कि आल्हा ऊदल की नगरी और गुरु गोरखनाथ की तपोस्थलीय महोबा में जिला अस्पताल में 50 फीसदी से ज्यादा डाक्टरों की कमी है, जिससे जिले वासियों को स्वास्थ्य सेंवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महोबा में मेडिकल कालेज की स्वीकृति और भूमि का चयन हो जाने के बाद भी मेडिकल कालेज निर्माण कार्य को शुरू नहीं कराया गया, जिससे जिले वासियों को मेडिकल कालेज झांसी और मेडिकल कालेज कानपुर मरीजों को लेकर जाना पड़ता है। बुंदेलखंड के सबसे पिछड़े जपनद महोबा में जिले के लोगों की आर्थिक स्थित कभी दयनीय है। 70 फीसदी से ज्यदा लोग मजदूरी और कृषि कार्य पर निर्भर है, इसलिए आपतकालीन स्थिति में मरीजों को ले जाने के लिए एंबुलेंस व अन्य वाहनों का खर्च नहीं उठा पाते हैं और तमाम गरीब वर्ग के लोगों को समुचित उपचार न मिलने के कारण मौत हो जाती है।

ज्ञापन में बताया कि महोबा पीपीपी माडल मेडिकल कालेज जिसकी लागत करीब 2.50 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कई बार टेंडर होने के बाद भी कोई निवेशक आगे नहीं आया, जिससे निर्माण प्रक्रिया अधर में लटक गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 जनवरी 2024 को महोबा ट्रामा सेंटर 200 बेड अस्पताल निर्माण के लिए 134 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मेडिकल कालेज के लिए अब 116 करोड़ रुपये की और आवश्यकता है, इसके लिए पीपीपी माडल की जगह सरकारी मेडिकल कालेज की संशोधित अनुमति कैबिनेट से दिलाए जाने की भी मांग की है साथ ही 116 रुपये जिले के ही खनिज राजस्व से अनुमति दिलाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि अति पिछड़े जनपद महोबा में पीपीपी माडल के स्थान पर जिले के खनिज न्याय से सरकारी मेडिकल कालेज का निर्माण कराए जाने का संशोधन आदेश जारी कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में बार एशोसिएशन के अध्यक्ष इंदपाल सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष भारत विशाल शुक्ला, पूर्व महामंत्री चंद्रशेखर स्वर्णकार, मनीष सहित तमाम अधिवक्ताओं के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिहर मिश्रा भी मौजूद रहे।

## चालक का संतुलन बिगड़ा ट्रक से हुई टक्कर

**महोबा।** कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम अलीपुरा के समीप तेज रफ्तार से जा रहा ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया, जिससे ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक की केबिन में चालक घायल होकर बुरी तरह से फस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कोबिन काटकर चालक को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि ट्रक चालक सोनू निवासी बिधनू कानपुर वाहन लेकर छतरपुर की तरफ जा रहा था, तभी अलीपुरा गांव के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और हादसा हो गया।

# एसडीएम से निर्माण कार्य बंद कराए जाने की मांग

महोबा


शिकायती पत्र देने जाता पीड़ित।

**अमृत विचार।** न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद भी दबंगों द्वारा जबरन विवादित भूमि पर निर्माण कराए जाने से आहत ग्रामीण ने अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य बंद कराए जाने की मांग की है साथ ही दबंग के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने के बावत शिकायती पत्र दिया गया।

कस्बा श्रीनगर के मोहल्ला दाऊपुरा निवासी हेमंत कुमार पुत्र लक्ष्मीशंकर ने अपर जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सिविल जज सीनियर की अदालत में जमीन संबन्धी मामला विचाराधीन है। बावजूद इसके गांव के ही दबंग विवादित भूमि पर निर्माण करा रहे हैं, मना करने पर दबंगों द्वारा अभद्रता करने के साथ साथ जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। विवादित भूमि पर मकान निर्माण कार्य रोके जाने की मांग की गई। अपर जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र लेने के बाद जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पुलिस ने वाछित अभियुक्त को पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और वांछित अभियुक्तों की गिफ्तारी के लिए जिला पुलिस टीम द्वारा धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना श्रीनगर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा है। थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी सरमन कुशवाहा (28) पुत्र छिद्दू कुशवाहा निवासी ग्राम बिलखी श्रीनगर पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जानकारी करने पर मालूम चला कि उक्त अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय महोबा द्वारा धारा 128 सीआरपीसी के तहत वारंट जारी है और वह फरार चल रहा था, जिसके गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

## खेत पर लगी मोटर अज्ञात चोरो ने उड़ाई

**महोबा।** थाना श्रीनगर के ग्राम टपरियन में एक खेत में लगी मोटर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। सुबह जब किसान खेत पहुंचा तो उसकी मोटर गायब मिली। पीड़ित किसान ने पुलिस को चोरी गई मोटर की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम टपरियन निवासी कुंवर बहादुर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि प्रतिदिन की तरह वह खेत गया और सिंचाई के लिए मोटर चलाने के लिए जैसे ही वह कुएं के पास पहुंचा तो उसकी मोटर गायब मिली। बताया कि उसने आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों से भी जानकारी की, लेकिन उनको को भी इस बावत कोई जानकारी नहीं थी। शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उक्त चोरी की घटना में आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों का हाथ है। पीड़ित ने घटना का जल्द से जल्द खुलासा किए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### नहरों में पानी न छोड़े जाने से सूख रही किसानों की हरी भरी फसल


पानी के अभाव में सूखी पड़ी नहर।

**कार्यालय संवाददाता महोबा।** सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता और मनमानी के चलते नहरों में पानी न छोड़े जाने से रबी की फसल सूख रही है। इससे किसानों में खासा आक्रोश है। चार दिन पहले किसान यूनियन के पदाधिकारियों अैर कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बा पनवाड़ी किसानों के साथ नहर में पानी छोड़े जाने के लिए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी आज तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया, जिससे गेहूं, जबा और मटर की फसल सूखने लगी है। गौरतलब है कि सिंचाई विभाग द्वारा नवम्बर माह में नहरों में पानी छोड़ा गया था, जिससे किसानों ने खेतों में रात दिन पलेवा करके किसी तरह जुताई बुवाई कर दी थी। अब फसल में पानी पड़ गया है, खेतों में बोई गई फसलों को अब पानी की जरुरत है, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा नहरे चालू नहीं की जा रही हैं, जबकि गेहूं की फसल में तीन बार पानी लगाने की जरुरत होती है, लेकिन नहरें सूखी होने के कारण फसल में सिंचाई नहीं हो पा रही है, इससे किसान रबी फसल की पैदावार को लेकर खासा चिन्तित है। उल्लेखनीय यह है कि इस साल बारिश के अभाव में खरीफ की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। 80 फीसदी किसान बारिश समय से न होने के कारण खेतो की जुताई बुवाई नहीं कर सका था। इस साल रबी की फसल की किसानों ने समय से बुवाई कर दी, अब न तो सर्दी के मौसम में एक बार भी पानी की मुहाट पड़ी है और न ही नहरों में पानी को छोड़ा गया है, जिससे किसान सिंचाई के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। किसानों का कहना है कि चार दिन पहले नहरे खोले जाने के लिए किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया था और नहरों में पानी छोड़े जाने के लिए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया था। एसडीएम ने जल्द से जल्द नहरों में पानी छोड़े जाने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन आज तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया।

### बस से नीचे उतरते समय चालक ने सवारी को कुचला, मौत


अस्पताल में हंगामा के बाद खड़ी भींड़। अमृत विचार

**सड़क हादसा**

- मौके पर मौत घटना से गुस्साए मृतक की परिजनों ने जमकर काटा हंगामा

**महोबा कार्यालय।** राठ मार्ग पर मिशन चौराहे के पास रोडवेज बस से नीचे उतरते समय चालक ने सवारी को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में परिजन और उसके गांव के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गुस्साए मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों ने जमकर हंगामा काटा। मृतक की परिजन रोडवेज में बस का पता करते रहे लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं लगा। जनपद हमीरपुर के कोतवाली राठ के ग्राम बरियल निवासी गणपत 50 पुत्र मनीराम अपने परिजनों और ग्रामीणों के साथ रिश्तेदारी में ग्राम ज्योराहा एक शादी समारोह में शामिल होने गया था शादी से लौटने के बाद वह रोडवेज महोबा में एक बस में सवार होकर राठ जा रहा था जैसे ही रोडवेज की बस मिशन चौराहा के पास पहुंची, तभी उसे अपना बैग रोडवेज में छूट जाने की याद आई। वह चालक से बस रुकवा कर मिशन चौराहे पर उतरने लगा। तभी वह नीचे गिर गया और चालक ने उसे कुचल दिया घटनास्थल पर शोर मच गया आसपास के लोगों ने उसे बस के नीचे से बाहर निकला तब तक उसके गांव के लोग और परिजन ही बस से नीचे उतर आए इसके बाद गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की मौत से नाराज उसकी रिश्तेदारों ने अस्पताल परिसर में जमकर हो हल्ला मचाया और रोडवेज में चालक की तलाश की बाद में पता चला कि चालक मिशन चौराहे पर सवारियों को उतार कर बस लेकर फरार हो गया। रोडवेज में किसी भी कर्मचारी ने ना तो बस का नंबर बताया और ना ही चालक के बाबत कोई जानकारी दी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**जांच** एक घंटे तक दोनों डाक्टरों से बातचीत कर मामले का कराया निस्तारण

# एडी ने डॉक्टर व सीएमओ से हुए विवाद के मामले में मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा से अपर निदेशक स्वास्थ्य डा0 राजेश मोहन गुप्ता ने महिला जिला अस्पताल में सीएमएस और डाक्टर के बीच हुए विवाद के मामले की जांच की। जांच दौरान दोनो से अलग अलग बातचीत करने के बाद लिखिल में स्पष्टीकरण मांगा। बाद में दोनो डाक्टरों को समझा बुझाकर मामले का पटाक्षेप किया। अपर निदेशन स्वास्थ्य ने बताया कि डाक्टरों की ड्यूटी लगाए जाने को लेकर सीएमएस एसपी राजपूत और डा0 एसके वर्मा के बीच विवाद हो गया था, लेकिन अब दोनो मिलजुल कर स्वास्थ्य सेवाओं को अंजाम दे रहे हैं। दोनो के बीच अब कोई मनमुटाव भी नहीं है।

चित्रकूट धाम मंडल बांदा में अपर स्वास्थ्य निदेशक पद पर तैनात डा0 ने शनिवार को महिला जिला अस्पताल पहुंचकर तीन दिन पहले दो डाक्टरों के बीच हुए विवाद प्रकरण की जांच की और एक घंटे तक दोनो डाक्टरों से अलग अलग बातचीत की। बाद में दोनो को एक साथ बैठाकर बात की गई, जिसमें मामला ड्यूटी लगाने को लेकर सामने आया। उन्होंने बताया कि अब कोई डाक्टरों के बीच मदभेद नहीं है। दोनो डाक्टर नियमित कार्य कर रहे हैं। छोटे मोटे विवाद को भी निपटा दिया गया है साथ ही दोनो डाक्टरों से लिखित में स्पष्टीकरण मांगा गया, जिससे भविष्य में किसी तरह की पुर्नावृत्ति न हो सके।


अस्पताल के निरीक्षण दौरान मरीजों की शिकायत सुनते अपर निदेशक।

गौरतलब है कि तीन दिन पहले महिला जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता पद पर तैनात एसके वर्मा ने मुख्य चिकित्साधीक्षक एसपी राजपूत पर पैसा मांगने का आरोप लगाया था। वरिष्ठ परामर्शदाता ने बताया कि सीएमएस हर माह पैसे की मांग कर रहा था, पैसा न देने पर अंजाम भुगतने की भी चेतावनी दी गई थी। डाक्टर का कहना है कि हमारा कोई विवाद नहीं हुआ, सिर्फ पैसा न देने का विरोध किया गया था, जिसका सीएमएस भड़क गए और अपशब्दों का प्रयोग किया गया। इससे आहत होकर वरिष्ठ परामर्शदाता गश खाकर गिर गया, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया था। दो डाक्टरों के बीच हुए विवाद के मामले को लेकर शनिवार को अपर निदेशक स्वास्थ्य महिला जिला अस्पताल आए और दोनो डाक्टरों से बातचीत कर मामले का निस्तारण कराया।

## तीन डाक्टरों के अनुपस्थित पाए जाने पर वेतन काटा

चित्रकूट धाम मंडल बांदा के अपर निदेशक ने शनिवार को महिला जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान डाक्टर अतुल राजपूत, अरविंद, राहुल, डा0 विशाखा राजपूत के अनुपस्थित पाए जाने के साथ साथ छुट्टी का प्रर्थाना पत्र न पाए जाने पर तीनों डाक्टरों के वेतन काटे जाने के मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देश दिए गए। इसके बाद महिला अस्पताल के ड्यूटी वार्ड व अन्य कक्षों का निरीक्षण किया, जहां पर स्टाफ नर्स आनंदस्वरुप के अलावा संतोष वर्मा, ममता, सीमा, कल्पना आदि कर्मचारी भी ड्यूटीसे नदारत मिले। इनके भी वेतन काटे जाने के निर्देश दिए गए। महिला जिला अस्पताल साफ सफाई मशीन करने वाली मशीन उसे तत्काल ठीक कराए जाने पर जोर दिया, जिससे अस्पताल नियमित साफ सफाई होती रहे। निरीक्षण दौरान मरीजों और तीमारदारों ने कड़ाके की ठंड के बाद कंबल न दिए जाने की अपर निर्देश स्वास्थ्य से शिकायत की। मरीजों ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए घर से कंबल लेकर आना पडता है, इस पर एडी ने मुख्य चिकित्साधीक्षक से नियमित मरीजों को कंबल दिए जाने के निर्देश दिए साथ ही कंबल वितरण का कार्य देख रहे कर्मचारी का भी जवाब मांगने के सीएमओ को निर्देश दिए। इसके बाद भी व्यवस्था न होने पर कंबल वितरक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

# समाधान दिवस: 32 शिकायतों में पांच का हुआ निपटारा

- गल्ला मंडी में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादी
- अधिकारियों को दिए निर्देश करें समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** गल्ला मंडी स्थित तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने शिकायतों को सुना। एक-एक कर 32 फरियादियों ने समस्याओं को बताया और प्रार्थना पत्र दिया। इसमें से पांच को तो त्वरित मौके पर ही समाधान मिल गया और वह वापस घर लौट गए। अन्य शिकायतों के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। राजस्व प्रकरण में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करेंगे। कहा कि अधिकारियों द्वारा की गई शिकायतों का निस्तारण की क्रॉस जांच भी कराई जाएगी साथ ही शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा, उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सुरेश पाल, क्षेत्र अधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम आदि अधिकारी मौजूद रहे।


शिकायतों को सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरुआत

**उरई।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। मौजूद अधिकारियों से कहा कि वह अपने स्तर से भी मतदाताओं को जागरुक करें।

### जालौन में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**जालौन।** एसडीएम सुशील कुमार व बीडीओ प्रशांत कुमार की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा 10 शिकायतें राजस्व विभाग की आईं। जिनमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग की चार, नगर पालिका की तीन, डूडा की दो, विकास, जल निगम, बिजली विभाग की एक-एक शिकायत पंजीकृत हुई। एसडीएम ने पंजीकृत शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपकर निस्तारण के निर्देश देकर कहा कि शिकायत के निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो निस्तारण में इसका भी उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। इस मौके पर तहसीलदार एसके मिश्रा, बीईओ शैलजा व्यास, जेई बिजली पैश्वनीराम, जिलेदार राजकुमार, डॉ. राजीव दुबे, एसआई गोविंद सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### कालपी में आई 24 शिकायतें, चार निस्तारित

**कालपी।** उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता व सीओ देवेंद्र पचौरी की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें मुकेश पुत्र माहेश्वरी निवासी ग्राम बागी ने विपक्षियों के खिलाफ आम रास्ते में अवैध निर्माण करने की शिकायत की। उमाशंकर निवासी ग्राम निपनिया ने सार्वजनिक चक मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की है। नवीन पुरवार तथा किशन देवी हरीगंज तथा बृजेंद्र कुमार निवासी आलमपुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ पहुंचाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। राजेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला रावगंज ने प्रार्थी की रुकी हुई विकलांग पेंशन को दिलाने की मांग की है। इस मौके पर नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, विद्युत उपखंड अधिकारी आदर्श राज, मंडी सचिव आनंद कुमार, मंडी समिति कदौरा के सचिव नितिन गौतम आदि अधिकारी मौजूद रहे।


कालपी में शिकायतें सुनते एसडीएम व सीओ।

### 14 शिकायतों में तीन का मौके पर निस्तारण

**कोंच।** तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम अतुल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर पुलिस और राजस्व के अलावा अन्य विभागों से संबंधित 14 शिकायतें आईं जिनमें मौके पर मात्र 3 शिकायतें ही निस्तारित हो सकीं। तहसील क्षेत्र के ग्राम बिलायां निवासी दिनेश कुमार ने गाटा संख्या 394 जो बंजर के रूप में दर्ज है और गाटा संख्या 388 जो आबादी के रूप में दर्ज है, सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से निर्माण कर कब्जा कर लिया है। ग्राम अखनीवा निवासी रामनाथ ने ग्राम सभा द्वारा स्वीकृत आवासीय पट्टे की भूमि पर जबरन खंभे लगा कर कब्जा कर लेने की शिकायत दर्ज कराई। नगर के मोहल्ला मालवीय नगर निवासी रेश्मा ने मोहल्ले में झोलाछाप एक व्यक्ति द्वारा लोगों का इलाज कर जान से खिलवाड़ किए जाने की शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### बैरागढ़ धाम के महंत शारदा शरण बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**एट।** बैरागढ़ धाम के मंहत शारदा शरण महाराज को राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संत प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसकी जानकारी होने पर संगठन से जुड़े लोग और उनके शिष्यों ने पहुंचकर साल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी राजू भैया ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मां शारदा शक्तिपीठ बैरागढ़ धाम पहुंचकर महंत शारदा शरण महाराज जी को नियुक्ति पत्र तथा परिचय पत्र भेंट किया। इस दौरान शाल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट करके उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष को महंत जी ने मां की चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर बुंदेलखंड उपाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, बसु कुलश्रेष्ठ, मिट्ठू महाराज, शारदा धाम के पुजारी श्याम जी, सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी मौके पर पहुंचे कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी महेत जी का आशीर्वाद लिया।


महंत का सम्मान करते लोग।

### सट्टे की पर्ची के साथ एक गिरफ्तार

**जालौन।** कोतवाली में तैनात एसआई ओंकार सिंह को सूचना मिली कि उरगांव तिराहे के पास एक युवक सट्टे के नंबर लगा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सट्टे के नंबर लगाते हुए महफूज निवासी कुसमरा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन और सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्ची समेत 1050 रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फर्जी बैनामा मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**कालपी।** चार माह पहले कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम छौंक की भूमि के कूटरचित बैनामा करने का मामला फिर से गरमाने लगा है। विवेचनाधिकारी मोहम्मद अशरफ ने एक अन्य आरोपित राहुल को गिरफ्तार कर लिया। दो अक्टूबर 2023 को कालपी थाने में फर्जी धोखाधड़ी करके ग्राम छौंक की जमीन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त प्रकरण में तीन बैंक अधिकारियों सहित दर्जन भर से अधिक लोग संलिप्त पाए गए थे, जिन्हें जेल भेजा जा चुका है। शनिवार को विवेचनाधिकारी मोहम्मद अशरफ ने बताया कि एक अन्य आरोपी राहुल पुत्र स्व. रामेश्वर निवासी मोहल्ला मनीगंज कालपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### नगर में डिवाइडर बनवाए जाने की उठी मांग

**जालौन।** नगर में अतिक्रमण की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अतिक्रमण के चलते जहां विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। अतिक्रमण का प्रमुख कारण दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सामान लगाया जाना और खाली स्थान पर अतिक्रमण किया जाना है। हालांकि समय समय पर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाया जाता है। लेकिन अभियान के समाप्त होते ही स्थिति जस की तस हो जाती है। दुकानों के सामने खड़े वाहन स्थिति को और भी बदतर बना देते हैं। लेकिन नगर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए अभी तक कोई स्थाई प्रयास नहीं हुए हैं। नगर के लोकेंद्र सिंह, राहुल, दिव्यांश, अशफाक, इब्राहीम आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि नगर में अतिक्रमण की समस्या से बचाव के लिए सड़क के बीच में डिवाइडर लगवा दिए जाएं। डिवाइडर लगाए जाने से जहां ट्रैफिक अपनी साइड में ही रहेगा। वहीं, राहगीरों और वाहन चालकों को भी मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### अज्ञात ने तोड़ा कार्यालय का ताला, सीसीटीवी में कैद

**जालौन।** बेतवा नहर प्रखंड द्वितीय जिलेदारी तृतीय का कार्यालय तहसीलदार कार्यालय के पास संचालित है। कार्यालय परिसर में खाली पड़ी जमीन का आसपास के लोग उपयोग करते हैं। आसपास के दुकानदार सामान रखते हैं तो कई लोग वाहन भी खड़े कर देते हैं। गुरुवार को को जिलेदार विभागीय कार्य से जनपद मुख्यालय गए हुए थे। कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। ताला तोड़कर चोर ताला व जंजीर भी साथ ले गए हैं। ताला तोड़ने की फुटेज बगल की दुकान में लगे सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई है। जिलेदार राजकुमार ने ताला टूटने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है।

### बिजली के पोल जल्द लगवाए जाएं

**जालौन।** बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि नवीन गल्ला मंडी एवं फल व सब्जी मंडी में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए लगभग 18 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। जिसमें नए बिजली के पोल लगवाने के अलावा तार आदि बदलवाए जाने थे। कार्यकारी संस्था द्वारा अब तक मंडी में दो ही बिजली के पोल लगवाए गए हैं। जबकि मंडी में कुछ और स्थानों पर बिजली के पोल लगवाए जाने की आवश्यकता है। उन पोलों को भी शीघ्र ही लगवाने की मांग की गई।

### उदोतपुरा के रघुवीर का 107 वर्ष की आयु में निधन

**जालौन।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी रघुवीर सिंह का 107 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके सगे संबंधियों को जब यह जानकारी मिली तो उनमें शोक की लहर दौड़ गई। गांव समेत आसापस के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उम्र का शतक पार करने के बावजूद वह अपने को पूर्ण स्वस्थ्य समझते थे। प्रतिदिन पूजा करना और सुबह के वक्त टहलना आदत में था। गांव के लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजन कुछ भी हो उसमें बढ़चढ़ कर हमेशा सहयोग करते थे।



मॉडल शॉप का निरीक्षण करते पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन

### मॉडल शॉप की दुकानों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

**संवाददाता, कालपी, अमृत विचार।** अगर सबकुछ ठीक रहा तो अगले पखवारे से सरकारी उचित दर की मॉडल शॉप का उदघाटन कर उन्हें विधिवत प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रस्तावित 17 दुकानों में आधा दर्जन से अधिक मॉडल शॉप का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुँच गया है। पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन अपनी देखरेख में मॉडल शॉप का सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। सरकारी उचित दर की दुकानों तक सरकारी खाद्यान्न सीधे ट्रक के माध्यम से पहुंचने के लिए मुख्य सड़क के किनारे मॉडल शॉप का निर्माण करने के लिए शासन के द्वारा योजना तैयार की गई थी। कालपी तहसील के अलग-अलग 17 ग्रामों में ग्राम पंचायत के द्वारा मॉडल शॉप का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन तथा लिपिक देवेंद्र कुमार तिवारी ने देवकली गांव की उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र निर्मल, स्मार्ट मॉडल शॉप का निरीक्षण करके सुंदरीकरण के कार्य को देखा। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि जल्द की कार्य पूरा हो जाएगा।

# मजदूरों की मजदूरी के साथ सामग्री का 32 करोड़ बकाया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मनरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों का ढाई माह से भुगतान नहीं हुआ है। जिले के सातों ब्लाकों में मजदूरों की मजदूरी का 14 करोड़ रुपये बकाया है। इसी तरह सितंबर माह से मनरेगा की सामग्री मद का भुगतान नहीं हुआ है। सप्लायरों का पूरे जनपद में 18 करोड़ रुपये बकाया है।

मनरेगा वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सातों ब्लाकों में मजदूरों की मजदूरी का 14.01 करोड़ बकाया है। इसमें सुमेरपुर ब्लाक में 1.99 करोड़, कुरारा में 86.30 लाख, मौदहा में 3.08 करोड़, मुस्करा में 3.72 करोड़, राठ में 2.40 करोड़, गोहांड में 2.19 करोड़, सरीला में 1.93 करोड़ रुपए मजदूरी का भुगतान बकाया है। यह भुगतान 16 नवंबर से बकाया है। इसी तरह सामग्री मद में गोहांड में 2.38 करोड़, कुरारा में 49 लाख, मौदहा में 5.77 करोड़, मुस्करा में 6 करोड़, राठ में 70 लाख, सरीला में 1.46 करोड़ , सुमेरपुर में 1.03 करोड़ धनराशि सप्लायरों की बकाया है। जनपद में कार्यरत एपीओ, अकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों को जून माह से अब तक का मानदेय नहीं दिया गया है। जिले के किसी भी ब्लॉक में कोई बड़ी परियोजना संचालित नहीं है। मजदूरों को पंचायत में बना रहे पीएम, सीएम आवासों के साथ मॉडल शाप की दुकानों के निर्माण में खपाकर योजना को जिंदा रखा जा रहा है। पंचायत में मनरेगा के कार्य ठप होने से मजदूर पलायन को मजबूर हैं।

# पूर्व विधायक ने की सीएम से भेंट, सौंपा मांग पत्र

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने बीते दिवस सूबे के मुख्यमंत्री से भेंट करके क्षेत्र के विकास के लिए एक मांग पत्र सौंपा। इसमें चार धार्मिक स्थलों समेत 15 सड़कों की सूची दी। कहा कि यह कार्य होगा तो क्षेत्र का विकास तेजी से होगा।

शनिवार को पूर्व विधायक ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। इसमें बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने मांग पत्र में महेवा ब्लाक के 6 मार्ग कोडाकिराही मार्ग, पिपरौंधा से हथनोरा मार्ग, नसीरपुर से अटरिया मार्ग, मंगरौल से नया पुरवा, मैनूपुर से नया पुरवा तथा पडरी से उरकराकला तक सड़कों के जोड़ने की मांग की है। इसके साथ ही कुठौंद ब्लॉक में दानी बाबा के स्थान तक, जालौन ब्लॉक में गढ़गुवा से हथनौरा बुजुर्ग तक कदौरा ब्लाक में गोहाना से जमरेही मरगाया से रामदास का डेरा, जकसिया से शारदा नगर, कान्हाखेड़ा से चंदरसी तक सड़कों के कार्य की मांग की है।

### बेरी गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट

कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बेरी गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमे दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी लालू पुत्र भगवानदीन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव निवासी राम प्रकाश व छुट्टन अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। लोगों के एकत्र होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष के राम प्रकाश पुत्र भोला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। तभी गांव के लालू उर्फ इंद्रपाल व भगवानदीन, दिलीप अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। लोगों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दि है।

### छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**संवाददाता, सरीला (हमीरपुर), अमृत विचार।** पचखुरा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों ने नाटक रिकॉर्डिंग नृत्य व गीत प्रस्तुत किए। शनिवार को पचखुरा गांव में परिषदीय विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का छात्र राधा, नंदिनी सिमरन व सुहानी ने सरस्वती वंदना से शुभारंभ किया। इसके बाद छात्रा सिमरन व नंदिनी ने स्वागत गीत, नैंसी ने ये दुनिया तुझे कुछ नहीं देने वाली, राशि ने राम आएंगे गीत पर नृत्य पेश किया। दिव्यांशी ने जीना है तो पापा शराब नहीं पीना गीत पर रिकॉर्डिंग नृत्य कर धमाल मचा दिया। छात्र आशिक आशु व यश ने छुआछूत पर, दीपा मोहिनी उषा गोल्डी रोहिनी दिव्यांशी ने किसान की दुर्दशा पर एवं हेमलता प्रांसी व करीना ने सास चमनी बहू अठन्नी पर नाटक पेश कर खूब तालियां बटोरी, दहेज प्रथा, घर की बर्बादी पर भी नाटक पेश किए गए। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक रामकुमार त्रिपाठी व लक्ष्मी प्रसाद ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष धरम वचन सिंह यादव, महामंत्री जयहिंद वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष रामऔतार प्रजापति, मंत्री अमित आर्य, ममता राजपूत, रमेशचंद्र, प्रेमप्रताप सिंह, रवि राजपूत सहित क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

### मौसम में बदलाव से बढ़ी है पशु हिंसक की घटनाएं

**सुमेरपुर (हमीरपुर), अमृत विचार।** पिछले एक माह से पड़ रहे कोहरे एवं ठंड के चलते आवारा पशु हिंसक हो गए हैं। सबसे ज्यादा आतंक अवारा कुत्तों का बढ़ा है। एक सप्ताह में कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 120 लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। यहां सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को वैक्सीन लगती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट डा ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि कुत्ता के काटने पर सप्ताह में दो दिन वैक्सीन लगाई जाती है। बुधवार को 61 लोगों को वैक्सीन लगाई गई थी।

# बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में कुछ पल के लिए रंगबिरंगा हो गया आसमां

- आतिशबाजी देखने को पहुंचे शहरवासी
- बैंड कलाकारों ने दर्शकों को झूमने पर किया विवश

संवाददाता, उरई।

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का समापन रंगबिरंगी छटा के साथ हुआ। आतिशबाजी जब शुरू हुई तो कुछ पल के लिए कार्यक्रम स्थल पर आसमान में रंगबिरंगी छटा बिखर गई। धुआं के बीच रंगीन पटाखे के शोर का लुत्फ लोगों ने खूब उठाया। आतिशबाजी के बीच दिल्ली से आए बैंड पार्टी के गीत जय हो पर युवा चलते चलते झूम रहे थे। शहर के लिए आतिशबाजी नई नहीं थी लेकिन बैंड का मंच जरूर नया था।

पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित बुंदेलखंड गौरव समारोह में दूसरे दिन रात की चांदनी में आधुनिक आतिशबाजी देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोग शाम सात बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए थे। इसके बाद कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें नृत्य के कलाकारों ने सिर पर मटकी रखकर बधावा नृत्य किया। इसके बाद गीत संगीत हुआ और फिर अवयुक्त म्यूजिकल बैंड पार्टी ने मंच संभाला तो युवाओं ने तालियों के साथ स्वागत किया।

इसके बाद उसके गीत और नृत्य ने युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। युवा कुर्सियों पर खड़े होकर झूम रहे थे। पुलिस प्रशासन ने एक तो मर्तबा तो उन्हें रोका और वह मान गए लेकिन आखिर में उमड़ी युवाओं की भीड़ को नहीं संभाला जा सका। कोई झूमते हुए सेल्फी ले रहा था तो कोई अपने दोस्तों को वीडियो कॉल करके कार्यक्रम का लाइव दिखवा रहा था। कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, सीडीओ भीमजी उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी वीआईपी दीर्घा में बैठकर कार्यक्रम देख रहे थे। आखिर में आतिशबाजी हुई। फायर क्रैकर्स शो में आधुनिक आतिशबाजी की रंगीन छटा देखने को मिली। इसी के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया। बताया जा रहा है कि बैंड के कलाकार दिल्ली से बुलाए गए थे।


महोत्सव में होती आतिशबाजी। अमृत विचार




### खाने पीने के स्टॉल पर रही भीड़

**उरई।** आयोजित समारोह में लोगों के खाने पीने के लिए खाद्य विभाग को स्टॉल लगवाने का जो जिम्मा दिया गया था उसे बखूबी निभाया गया। अधिकारियों ने शहर में तमाम दुकानदारों को स्टॉल लगाने के लिए कहा था। इसमें छुटकन की चाट के अलावा पिज्जा से सेकर बर्गर और आइसक्रीम के स्टॉल लगे हुए थे। इन पर कार्यक्रम में आए लोगों ने व्यंजनों का स्वाद चखा और उसका पेंमेंट अदा किया।


केपी सिंह

वरिष्ठ स्तंभकार केपी सिंह ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव पर अपनी बेबाक शैली के अंदाज में ही प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि कार्यक्रम का जो नाम दिया गया था उसका उद्देश्य पूरा नहीं हो सका। पूरे कार्यक्रम में अवधी, पश्चिमी सभ्यता ही हावी रही। यहां की परम्पराओं, लोककलाओं, लोकनृत्य को स्थान नहीं मिला। एक दो कार्यक्रम जो हुए है वह भी यहां के कलाकारों से नहीं कराए गए। बुंदलखंड में मंडल के नीचे गारी का जो चलन है वह भी नहीं बताया गया। लोकप्रिय गायन में लोकगीत, आल्हा और दिवारी गीत होने चाहिए थे। बुंदेली कलाकारों की इसमें उपेक्षा हुई है, जो चिंतनीय है।


शफीकुर्रहमान कश्फी (शायर)


जिले के मशहूर शायर शफीकुर्रहमान कश्फी ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव को लेकर कहा कि आसमान में गुब्बारे की उड़ान देश के लिए तो गौरव की बात है लेकिन बुंदेलखंड के गौरव बात तो तब होती जब इसे उड़ाने वाला हमारे यहां का होता। गायक से लेकर वादक और टैंट से लेकर लाइटें जब सब बुंदेलखंड के बाहर की थी तो फिर इस कार्यक्रम का नाम बुंदेलखंड गौरव महोत्सव रखना हमारी संस्कृति और पहचान को धूमिल करने का प्रयास है। इतना ही नहीं बुंदेलखंड की प्रतिभाओं के साथ धोखा भी है।


बृम्हप्रकाश अवस्थी दीपक (साहित्यकार)

साहित्यकार बृम्हप्रकाश अवस्थी दीपक का कहना है कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में राई व बंधावा नृत्य को छोड़ दिया जाए तो पूरा कार्यक्रम बुंदेलखंड की थीम पर फिट नहीं बैठता। इस कार्यक्रम में तो बाहर के लोग जिले में आए और यहां के लोगों का मनोरंजन करके चले गए। लोकगीत, दिवारी गीत, आल्हा गायन कुछ भी तो नहीं हुआ। बुंदेली प्रतिभाओं को न तो मौका दिया और न उनका सम्मान हुआ। युवा पीढ़ी को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से यहां की संस्कृति नहीं बताई जा सकती।


डॉ. शाह आलम

बुंदेलखंड के साथ चंबल क्षेत्र पर यहां की प्रतिभाओं को निखारने के लिए बहुत काम कर रहे डॉ शाह आलम का कहना है कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में कुछ भी यहां का नहीं था। मंच से लेकर कलाकार सब दूसरे इलाकों से बुलाए गए। यह कार्यक्रम मनोरंजन का साधन मात्र साबित हुआ। इससे यहां का न कोई गौरव बढ़ा और यहां के जो गौरव थे उनका सम्मान हुआ। हमारी संस्कृति को संरक्षित करने का समय है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसा हो सकता था लेकिन ऐसा नहीं हो सका।


गीत सुनाते अवयुक्त बैंड मंडल के कलाकार।

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव

## गैर बुंदेलखंडी कलाकार आए मनोरंजन करके चले गए

**कार्यालय संवाददाता, उरई, अमृत विचार।** शहर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में दो दिवसीय गौरव महोत्सव आयोजित हुआ। शहरियों का इसमें खूब मनोरंजन हुआ। एक दो प्रस्तुतियों को छोड़ दिया जाए तो पूरा कार्यक्रम पश्चिमी संस्कृति पर आधारित रहा। कार्यक्रम को आज की युवा पीढ़ी ने तो खूब पसंद किया लेकिन यहां के साहित्यकारों और जागरुक लोगों को यह कार्यक्रम रास नहीं आया। लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा भी कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के नाम पर जिले में गैर बुंदेलखंडी कलाकार आए और मनोरंजन करके चले गए। कार्यक्रम की सच्चाई यही है बाकी शासन व प्रशासन जाने कि यहां का इस कार्यक्रम से कौन सा गौरव बढ़ा? बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के शुभारंभ पर जिले के आला अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि व सत्ता दल के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्हें हॉट एयर वैलून में बैठाकर शहर घुमाया गया। हालांकि इसका मजा गिनती के ही लोगों को मिल सका। इसके बाद इंदिरा स्टेडियम में योग शिविर हुआ। शाम के समय राई नृत्य के माध्यम बुंदेली झलक नजर आई लेकिन इसके बाद पश्चिमी संस्कृति पर आधारित महफिल में रॉकनामा म्यूजिकल बैंड के अलावा फिल्मी गीत संगीत की ऐसी महफिल सजी की इसमें युवा पीढ़ी झूमती हुई नजर आई। दूसरे दिन बंधावा लोक नृत्य को छोड़कर सांस्कृतिक मंच पर कुछ भी बुंदेली नहीं हुआ। दिल्ली से आए अवयुक्त म्यूजिकल बैंड के कलाकारों ने राम भक्ति और राष्ट्रभक्ति के कुछ गीत जरूर सुनाए, इस पर दर्शक झूम उठे। इसके अलावा ज्यादातर फिल्मी और पंजाबी गीत रहे। आतिशबाजी भी बुंदेलखंड के मशहूर आतिशबाजों मे देश प्रदेश में नाम कमाने वाले मिट्ठूलाल की नहीं थी। वह भी दूसरे प्रांत से मंगाई गई। बुद्धिजीवी वर्ग के लोग कार्यक्रम स्थल से जब वापस लौटे तो कार्यक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। लोगों का कहना था कि लोकगीत, दिवारी गीत, आल्हा के बगैर सजा सांस्कृतिक मंच बुंदेली नहीं था। पूरे कार्यक्रम में एक भी बुंदेली कलाकार नहीं लिया गया जो सोचने पर मजबूर कर रहा है।



बोर्डिंग मैदान पर बने पंडाल में मौजूद महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री ने 43 कार्यों का किया लोकार्पण, 16 का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 351.47 करोड़ रुपये की कुल 59 योजनाओं-परियोजनाओं को दी हरी झंडी
- इत्र पार्क, विधि विज्ञान प्रयोगशाला व पॉलिटेक्निक भवन का भी उद्घाटन किया

**अमृत विचार।** शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 43 योजनाओं व परियोजनाओं (कार्यों) के लोकार्पण के साथ ही 16 कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन सभी 59 कार्यों की लागत 351.47 करोड़ रुपये है। इस दौरान सीएम ने इत्र पार्क, विधि विज्ञान प्रयोगशाला व पॉलिटेक्निक भवन का भी उद्घाटन भी किया।

शनिवार को मुख्यमंत्री ने मंच से ही बटन दबाकर उन सभी कार्यों के शिलापटों से पर्दा हटाया जो लोकार्पण व शिलान्यास की सूची में शामिल हैं। उन्होंने 10 करोड़ रुपये से अधिक वाले छह कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन सभी की लागत 200.74 करोड़ रुपये है। 50 लाख से 10 करोड़ रुपये की लागत वाले 37 कार्यों का भी लोकार्पण हुआ।

इन कार्यों की कुल लागत 86.76 करोड़ रुपये बताई गई है। 10 करोड़ रुपये से अधिक के एक कार्य का शिलान्यास भी किया गया। इसका कार्य 39.65 करोड़ रुपये से कार्य पूरा होगा। 50 लाख से 10 करोड़ के 15 कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। इनकी लागत 24.32 करोड़ रुपये है।



शिलान्यास व लोकार्पण के बोर्डिंग ग्राउंड पर रखे शिलापट। अमृत विचार

### सूची में शामिल इनका हुआ लोकार्पण

- तालग्राम के निकट बनी विधि विज्ञान प्रयोगशाला श्रेणी ए।
- छिबरामऊ के तालग्राम देहात में राजकीय पॉलिटेक्निक भवन।
- जीटी रोड के किमी 348 जसौली वाया महचंदापुर से वीपी मार्ग के किमी 238 तक चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण।
- तिर्वा-खैरनगर-औसेर-हमीरपुर मार्ग के किमी शून्य से 10 तक चौड़ीकरण।
- छिबरामऊ तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले विशुनगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण।
- ठठिया के निकट 48 .54 एकड़ जमीन में बना इत्र पार्क फेज-1
- टी-4 हसेरन से बेला मार्ग।
- खरगपुर से खड़िनी तक सड़क।
- बेहरापुर-गैसापुर, हमीरपुर, पट्टी-बीबीपुर, मियांगंज, जाफराबाद, खांडेदेवर, असालताबाद, नगला-दनुआ, ताहपुर व गदौरा में पेयजल परियोजना।

### इन प्रमुख परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

- नगर पंचायत समधन पेयजल पुनर्गठन परियोजना।
- ठठिया रजबहा के किमी शून्य से किमी 20 .203 तक पुर्नस्थापना एवं नहरी भूमि की सीमांकन कार्य परियोजना।
- उमगरा से बारापुल, सुल्तानपुर से बंसरामऊ, हरौली से मन्नापुर्वा, पांडेयपुर्वा से मूसरि, अगौस से सहियापुर, सूरजपुर से परसरामऊ, एरूहो से बैरगरा, बसवारी से इब्राहीमपुर नगरीय, ककरैया मार्ग से नगला हसे, नगला विशुना से मिश्राबाद, बेहटा खास खानपुर कसावा, महमूद खास नादनपुर की पुलिया से शंकरपुर लोकपुर कसावा से पलिया बूचपुर एवं तालग्राम में इंदुयागंज से मीरपुर संपर्क मार्ग।

# तुष्टिकरण नहीं, राष्ट्रवाद की भावना से होगा विकास

## सीएम बोले, डबल स्पीड से दौड़ रही डबल इंजन की सरकार, सबको मिला अधिकार, केंद्र व प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड से दौड़ रही है। यहां तुष्टिकरण नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की भावना से विकास किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी में जहां परिवारवाद हावी रहता था, वहीं भाजपा सरकार में राष्ट्रवाद और सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत कर काम किया जा रहा है। समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिला है और सबको समान अधिकार दिया गया है।

शनिवार को शहर के केके इंटर कॉलेज बोर्डिंग मैदान पर कनौजी माटी वंश समागम एवं मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि अच्छे जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं तो इसके परिणाम अच्छे होते हैं और नई योजनाएं बनतीं हैं। सांसद और विधायक जिन प्रस्तावों को लाते हैं, उन्हीं को सरकार धरातल पर साकार करती हैं। समाजवादी पार्टी में चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था। भाजपा सरकार में दिव्यांगों को सम्मान मिला है। दिव्यांगों ने अपने दिव्य ज्ञान से समाज को आलोकित किया है। जैसे कि चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज, जिनके भौतिक चक्षु नहीं हैं, लेकिन दिव्य चक्षुओं से पूरे राष्ट्र को एक नहीं दिशा दी है। यदि किसी जरूरतमंद को योजना का लाभ मिल जाता है तो इससे पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि महापुरुष प्रेरणा के पुंज होते हैं। सांसद सुब्रत पाठक ने दायित्व का निर्वहन किया है, क्योंकि पुरुषार्थ से ही रास्ता मिलता है। यहां के लोगों के लिए वह जेल तक गए थे। कन्नौज में स्टेडियम की मांग पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर जनपद में एक स्टेडियम बनेगा और हर गांव में खेल का मैदान होगा। कन्नौज में भी यह व्यवस्था लागू होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम जल्द शुरू होंगे। अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

प्रत्येक जनपद में अटल आवासीय विद्यालय बनेंगे और पीएम श्री योजना में चयनित विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। मकान, शौचालय, राशन तथा आयुष्मान भव योजना का लाभ सभी पात्रों को मिलेगा।



बोर्डिंग मैदान पर बने मंच पर अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक सहित अन्य नेता।

### बसपा के कमलेश दिवाकर भाजपा में शामिल

**कन्नौज।** कानपुर नगर की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे सपा को भी झटका लगा है। वहीं, उमर्दा से ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा बसपा से, छिबरामऊ के पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे व तिर्वा से पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता की घर वापसी की गई। इन लोगों को पार्टी विरोधी प्रचार करने पर निष्कासित कर दिया गया था। जनसभा को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक अर्चना पांडेय सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान महिलाएं मोबाइल से वीडियो बनातीं रहीं।

### भीड़ ने गिराई बेरीकेडिंग, उलट दीं कुर्सियां

**कन्नौज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा जैसे ही समाप्त हुई तो एक साथ लोग निकलने लगे। भीड़ अधिक होने से जब लोगों को निकलने की जगह नहीं मिली तो युवाओं ने बेरीकेडिंग गिरा दी और उसी के ऊपर से बाहर निकलने लगे। यही नहीं कुर्सियों का हाल भी खराब कर दिया। जगह-जगह लोगों को बैठने के लिये डाली गई कुर्सियां उलट-पलट दी, इससे कुछ कुर्सियां टूट गईं। गैलरी की बेरीकेडिंग से लोग निकलते रहे पर पुलिस ने किसी को भी नहीं रोका। पुलिस भी उसी गिरी बेरीकेडिंग से होकर सभा स्थल से बाहर निकलती रही। इस की मुख्य वजह जनता के साथ ही पुलिस को भी ड्यूटी समाप्त होने के बाद बाहर से आई पुलिस को अपने गंतव्य को पहुंचना था। इसीलिये वह भी चलती बनी। इसी का नतीजा रही कि बेरीकेडिंग गिराने के साथ ही कुर्सियां उलटी-पलटी गईं थीं।

### रामलला के दर्शन को उठवाये हाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शनों के लिए जिले के लोगों से आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनता से हाथ उठवाए कि कौन-कौन रामलला के दर्शन करना चाहता है! इस पर सभी ने हाथ उठाकर जय श्रीराम का जयकारा लगाया और अयोध्या जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक बार रामलला के दर्शन करने अवश्य जाएं, सरकार उनके स्वागत के लिए तैयार है।

### इत्र कारोबारियों को भी किया खुश

मुख्यमंत्री ने कन्नौज के इत्र उद्योग को लेकर इत्र कारोबारियों को भी खुश कर दिया। उन्होंने बताया कि इत्र व्यापारियों के साथ सरकार खड़ी है। जिले में इत्र पार्क ही नहीं, बल्कि यहां के इत्र व्यापार को वैश्विक मंच दिया जाएगा। इससे इत्र की सुगंध पूरी दुनिया में फैलेगी। एक जिला-एक उत्पाद योजना के अंतर्गत इत्र व्यापार को नई पहचान दिलाई जाएगी। इसके अलावा जिले के सभी उद्योग-धंधों को एक नई गति मिलेगी।

### बाबा साहब को लेकर सपा पर रहे हमलावर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब को लेकर सपा पर हमलावर रहे। सपा को परिवारवादी बताते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। सपा ने हमेशा बाबा साहब और राममंदिर का विरोध किया था। अब राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज होगा और यहां चिकित्सा व शिक्षा से संबंधित सभी अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण सुनते भाजपा कार्यकर्ता व आम जनता। अमृत विचार

# जीएसटी टीम का तंबाकू व्यापारी के गोदाम और प्रतिष्ठान पर छापा

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** इटावा व फर्रुखाबाद की जीएसटी टीम ने तंबाकू व्यापारी के प्रतिष्ठान व गोदाम पर छापा मारा। टीम ने दोनों स्थानों पर सघन जांच-पड़ताल की।

इटावा के ज्वाइंट कमिश्नर ने फर्रुखाबाद की जीएसटी विभाग की टीम के साथ करीब आधा दर्जन से अधिक वाहनों के साथ नगर के तंबाकू व्यवसाई शंभूदयाल कौशल के शिवाला व मंडी समिति के सामने गोदाम पर छापा मारा। वही शिवाला रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान पर भी जांच पड़ताल की। टीम के आने की खबर पर हडकंप मच गया। छापे की जानकारी पर तंबाकू गोदाम बंद हो गई। व्यापारी एक दूसरे से टीम के आने की जानकारी लेते रहे। टीम ने व्यापारी की गोदाम व प्रतिष्ठान में अभिलेखीय जांच के साथ ही स्टाक का सत्यापन किया। दिनभर जीएसटी विभाग की टीम जांच करती रही है। समाचार लिखे जाने तक जांच नतीजा सामने आया था।

# हाईवे पर पलटी लग्जरी बस, आठ यात्री घायल

संवाददाता, पुखरायां कानपुर देहात

- भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र मांवर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मांवर गांव के समीप झांसी से लखनऊ जा रही शताब्दी बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को देवीपुर पीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बस को हाईवे से हटा यातायात शुरू कराया।

झांसी से लखनऊ जा रही शताब्दी बस भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मांवर गांव के पास पहुंची,



हाईवे पर पलटी पड़ी बस। अमृत विचार

तभी अचानक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। लोगों ने हादसे की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। हादसे में फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गढ़रियनपुरवा निवासी शिवकुमार, फतेहपुर जिले के ही बिंदकी क्षेत्र के जरौली निवासी मानसिंह, अमेठी के फुर्सतगंज निवासी फूलचन्द्र, आजमगढ़ के जीयनपुर निवासी अजीजुर रहमान, कानपुर नगर के परेड निवासी प्रीति गुप्ता पत्नी अजय गुप्ता, पुखरायां कस्बा के विवेकानंद नगर निवासी रामबहादुर, महाराजपुर थाना के तिलहर निवासी सोनू घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए देवीपुर पीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने सोनू, अजीजुर्रहमान, मानसिंह, रामबहादुर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हाईवे से हटवाकर यातायात शुरू करवाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस में अधिक सामान के कार्टून लदे थे। बस बहुत तेज रफ्तार में थी। वजन अधिक होने के चलते बस बेकाबू होकर पलट गई।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बरझाला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल हो गए। एक सवार को लोहिया अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी रवि कश्यप नगर के रेलवे रोड स्थित एक बेकरी पर कार्य करता है। शनिवार को वह मुड़ौल निवासी अपने बहनोई नरेश की बाइक लेकर जनपद एटा के कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के गांव बसोला निवासी साथी उपदेश व एक अन्य साथी के साथ जा रहा था। जब बाइक पर तीनो साथी कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बरझाला के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें तीनो गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी पर सीओ सतेंद्र सिंह इंस्पेक्टर रामअवतार, कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी, कुआखेड़ा चैकी प्रभारी विश्वनाथ आर्य, एसआई सुनील कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां टैंपो से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पर रवि के परिजन मौके पर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एक को डाक्टर ने लोहिया अस्पताल में रेफर कर दिया। रवि तथा एक अन्य युवक का उपचार जारी है।

### तड़पते रहे घायल, एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

**कायमगंज :** बरझाला में अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर घायल को डाक्टर ने उच्चचिकित्सा के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस के लिए 108 पर काल की गई लेकिन एक घंटे के बाद एंबुलेंस आ सकी। एंबुलेंस न आने पर घायलतड़पते रहे। उसके बाद पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस तक पहुंचाया। तब जाकर एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा जा सका।



सीएचसी में घायलों का किया जा रहा इलाज। अमृत विचार

**दावे बड़े-बड़े** — नियंत्रण कक्ष में चल रही पुताई हकीकत बयां करने के लिए काफी, विभागीय दावे में सब ठीकठाक बताया गया

# इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर खिलवाड़, कंट्रोल रूम बंद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं में खिलवाड़ किया जा रहा है। मनमाने तरीके से परीक्षा केंद्रों पर प्रैक्टिकल हो रहे हैं। शनिवार को डीआईओएस कार्यालय में बना कंट्रोल रूम बंद था। कंप्यूटर भी बंद पड़े थे। प्रैक्टिकल के नाम पर केंद्रों पर खानापूर्ति हो रही है। हालांकि विभागीय अधिकारी कंट्रोल रूम ठीक होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन वहां चल रही पुताई हकीकत बयां करने के लिए काफी है।

शासन के आदेश हैं कि यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो। इसकी देखरेख जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम में भी की जाए। प्रयोगात्मक परीक्षा जनपद के 165 माध्यमिक विद्यालयों में होनी है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, जिसका प्रभारी रामलखन पाल को बनाया गया। इसके साथ ही साथ ही ब्लाकवार सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। दो से शुरू प्रायोगिक परीक्षा नौ फरवरी तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होनी है। पहले दिन तो मात्र 14 केंद्रों पर परीक्षा हुई, लेकिन दूसरे दिन शनिवार को अधिकतर केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा हुई। प्रधानाचार्यों ने मीडिया को प्रयोगात्मक परीक्षा कक्ष तक जाने की इजाजत नहीं दी। इसके पीछे हवाला उच्चाधिकारियों के आदेश का दिया गया। वहीं डीआईओएस कार्यालय में बना कंट्रोल रूम पूरी तरह निष्क्रिय था। सभी कंप्यूटर अस्त-व्यस्त रखे थे और कंट्रोल रूम की पुताई हो रही थी। इसलिए एक कर्मचारी मौजूद था। सूत्रों ने बताया कि निगरानी के लिए बनाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निरीक्षण के नाम पर खानापूरी कर रहे थे। यह लोग पास के ही सड़क किनारे बने केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कर कर्तव्यों व दायित्वों की इतिश्री कर लेते हैं। बीईओ बढ़पुर सुरेशचंद्र पाल ने बताया कि शनिवार को उन्होंने माता चंद्रावती इंटर कॉलेज व महावीर इंटर कॉलेज नगला खैरबंद का निरीक्षण किया। दोनों जगह परीक्षक थे और प्रैक्टिकल सुचारु रूप से हो रहा था। निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम चालू है। फीडबैक भी परीक्षा केंद्रों से लिया जा रहा है। पुताई चल रही है तो कुछ देर के लिए कंप्यूटर हटाए गए होंगे।



बंद पड़े सिस्टम। अमृत विचार

**02** फरवरी से शुरू हुआ बोर्ड प्रैक्टिकल

**14** केंद्रों में पहले दिन हुई प्रयोगात्मक परीक्षा

**165** केंद्रों में आयोजित होनी है यह परीक्षा

- सड़क किनारे के केंद्रों में जा रहे सेक्टर मजिस्ट्रेट
- अंदर का घालमेल अंदर जाने वाले ही जान सकते

# अन्ना मवेशियों के साथ अब कटखने बंदरों का भी आंतक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- झुंड के झुंड बंदर घर की छतों पर बोलते धावा
- इनकी धरपकड़ न होने से लोगों में दहशत

**अमृत विचार।** बंदरों की दिनों दिन बढ़ती फौज लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। अभी तक किसान अन्ना मवेशियों से जूझ रहे थे। अब बंदरों का झुंड भी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रोजाना कटखने बंदर किसी न किसी को काटकर घायल कर देते हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

शहर से गांव तक उत्पाती और कटखने बंदरों की धरपकड़ की जिम्मेदारी नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की है। बंदरों को संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी से बाहर किए जाने से वन विभाग बंदरों की समस्या से मुक्त हो गया। वन विभाग सिर्फ संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी में आने वाले काले मुंह वाले बंदरों की धरपकड़ करेगा। निकायों व पंचायतों में बंदरों के पकड़ने की व्यवस्था नहीं होने से समस्या लाइलाज होती जा रही है।


किसान की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा बंदरों का झुंड। अमृत विचार

कमोवेश शहर, कस्बा और गांव के लोग उत्पाती बंदरों की समस्या से जूझ रहा है। किचन तक धावा बोलने वाले बंदरों को भगाने के दौरान कई लोग उनके हमलों का शिकार हो रहे हैं। लंबे समय से बंदरों को पकड़ने की मांग चल रही है लेकिन वन विभाग और नगर पालिका एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### साग-सब्जी और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे

फसलों के लिए किसान सिर्फ अन्ना या नीलगाय की समस्या से परेशान नहीं हैं बंदर भी बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। बागवानी के साथ साग सब्जी और फसलों को बंदर भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। कुछ इलाके में काले मुंह के बंदरों की भी समस्या है।

> शहरी क्षेत्र में नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत को यह जिम्मेदारी दी गई है जो बंदर पकड़ने के स्पेशियलिस्टों के माध्यम से बंदर पकड़वाने का काम करेंगे जबकि काले मुंह के बंदरों को वन विभाग द्वारा पकड़ा जाएगा।
>
> –छत्रपाल सिंह, वन क्षेत्रीय अधिकारी बिंदकी

### बंदरों से निजात को नपं अध्यक्ष से लगाई गुहार

**धाता, फतेहपुर।** नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के तमाम कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। नगर अध्यक्ष रेखा सरोज एवं अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी से बंदरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की। नगर के विभिन्न वार्डों में बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए किसान यूनियन ने ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें बताया गया कि बीते कई सालों से धाता कस्बे में बंदरों ने जमकर उत्पात रहता है। मुख्य रूप से रामपुरवा, अब्दुल कलाम नगर, आंबेडकर नगर, ठाकुर दरियाव सिंह नगर में बंदरों के झुंड ने सबसे ज्यादा आंतक मचा रखा। कई लोगों को बन्दर काट चुके हैं प्रशासन की ओर से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिये कोई भी प्रबंध नहीं किए गए। किसान नेता अखिलेश सिंह, देवपाल गर्ग, अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजू सिंह, जगजीत सिंह, शिवचरण आदि ने बताया कि पिछले कई दिनों से कस्बे में छतों के ऊपर बंदरों के झुंड नजर आते हैं। बंदर लोगों पर हमला भी कर देते हैं। अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने कहा कि जल्द ही नगर पंचायत की ओर से विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने का प्रबन्ध किया जाएगा।


ज्ञापन सौपते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

# डायलिसिस के इंतजार में कहीं छूट न जाए जिंदगी का दामन

## यूनिट लगने के दो साल बाद भी खत्म नहीं हो रही डायलिसिस कराने की वेटिंग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- 15 से 20 दिन का मरीजों को करना पड़ रहा इंतजार
- दो साल में ढाई हजार मरीजों ने कराई डायलिसिस

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट भले ही दो साल पहले और नई यूनिट शुरू हुए तीन महीने का समय हो गया हो लेकिन इसका लाभ आसानी से हर जरूरतमंद को नहीं मिल पा रहा है। कई दिनों की वेंटिंग चल रही है। करीब डेढ़ दर्जन लोग ऐसे हैं, जो नंबर लगाने के बाद अपनी बारी की प्रतीक्षा में रहते हैं। यूनिट की क्षमता से अधिक मरीज पहले से ही इलाज करा रहे हैं।

एक साथ पांच मरीजों की डायलिसिस की महंगी सेवा मरीजों को मुफ्त उपलब्ध कराने के लिए करीब दो साल पहले जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट स्थापित की गई थी। प्रयागराज की एक संस्था इसका संचालन करती है। इस यूनिट में पांच बेडों में पांच मशीनें लगी थीं। एक मरीज की डायलिसिस में साढ़े तीन से चार घंटे का समय लगता था। करीब तीन माह पहले डायलिसिस यूनिट अलग से शुरू कर दी गई है। इसे बढ़ाकर दस बेड की यूनिट स्थापित की गई। मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि बहुत ज्यादा परेशानी होती है। तकलीफ ऐसी है कि बहुत ज्यादा इंतजार नहीं किया जा सकता। प्राइवेट अस्पतालों में जाने पर पैसा बहुत ज्यादा खर्च होता है। दो साल बीत जाने के बाद भी यहां वेटिंग खत्म नहीं हो रही है।



जिला असपताल में लगी है डायलिसिस यूनिट। अमृत विचार

> एक दिन के अंतराल पर डायलिसिस हो रही है। 13 मरीज वेंटिंग में हैं। जिन लोगों का पंजीकरण हुआ है, नंबर आने पर उन्हें फोन करके बुलाया जाता है। नियमित रूप से डायलिसिस वाले मरीजों का ही पंजीकरण किया जाता है।
>
> –प्रमोद कुशवाहा, प्रभारी डायलिसिस

### 2500 मरीजों को अब तक मिला लाभ

अब तक जिले के ढाई हजार मरीजों को लाभ मिल चुका है। ज्यादातर मरीज ऐसे हैं जिनकी कुछ दिनों के अंतराल पर नियमित डायलिसिस होती है। ऐसे में नए मरीजों को तभी मौका मिल सकता है जब कोई मरीज कहीं और इलाज कराने जाए। इमरजेंसी सेवा पाने के लिए कोई सुविधा यहां नहीं है।

# चुनाव से पहले 'बाहुबल' दिखाने की हो रही तैयारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोक सभा चुनाव में कई कद्दावर मांग रहे टिकट
- आज आएंगीं अपना दल-एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल

**अमृत विचार।** भले ही अभी लोकसभा चुनाव का बिगुल न बजा हो लेकिन चुनावी आहट शुरु हो गई है। जिसको लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। साथ ही चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार भी जोर आजमाइश में जुट गए हैं। पार्टी हाईकमान तक जमकर दौड़ लगाई जा रही है। आज यानि रविवार को भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल शहर में जनसभा करेंगी। माना जा रहा है कि जिले में अपना दल की बिगड़ी छवि को सुधारने का प्रयास करेंगी।

राजनीतिक पार्टियों के नेता वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि टिकट पाने के लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। पार्टियां भी हर एक सीट पर जातीय और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार के चयन का मंथन करने में जुट गई हैं। टिकट न मिलने की स्थिति को देखते हुए दावेदार विकल्प तैयार कर रहे हैं। अन्य राजनीतिक दलों के संपर्क में भी बताए जाने लगे हैं। पिछले चुनाव में बुरी हार के बाद सपा इस चुनाव को गंभीरता से ले रही है। भाजपा में टिकट के दावेदारों की लंबी लिस्ट है। सूत्रों की मानें तो भाजपा की सहयोगी दल की राष्ट्रीय नेता अनुप्रिया पटेल फतेहपुर लोकसभा से चुनाव लड़ सकती हैं।

### सभा में भीड़ जुटाने का प्रयास

भाजपा तीसरी बार फतेहपुर से जीत का परचम फहराने की जुगत में है। इसके लिए कार्यकर्ताओं के बीच दावेदारों की नब्ज टटोली जा रही है। रविवार को कैबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल एक बड़ी जनसभा करके जनता की नब्ज को टटोलने का काम करेंगी। अपना दल बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी सभा में भीड जुटाने के लिए प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां पार्टी का कोई वर्चस्व नहीं है।

# अफसर टीम भावना से दूर करें प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिंदकी नगर के सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वावधान सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 157 शिकायतें दर्ज हुईं। जिसमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सहज भाव से सुना और निस्तारण के लिए संबन्धित अफसरों को निर्देश दिये। कहा कि शिकायत के निस्तारण में शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। भूमि से सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस अफसर आपस में समन्वय बनाकर टीम भावना से भूमि विवाद के प्रकरणों का हल कराएं। इसमें कोई पक्षपात न हो। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण को क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया। दिवस में राजस्व की 94, पुलिस की 22, विकास की 19, समाज कल्याण की 6, स्वास्थ्य की 2 तथा अन्य की 14 कुल 157 शिकायतें आईं। जिसमें 8 का निस्तारण मौके पर किया गया। उप जिलाधिकारी बिन्दकी अनिल यादव, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


फरियादियों की शिकायतों को सुनती डीएम एवं एसपी। अमृत विचार

# दबंगई से रास्ते पर किया कब्जा एसडीएम से की गई शिकायत

**खागा फतेहपुर।** तहसील क्षेत्र के खखरेरू थाना अंतर्गत घरवासीपुर गांव में सार्वजनिक रास्ते पर दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया गया। जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय से कुछ ही दूरी पर दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा की ओर सार्वजनिक रास्ता था। जिससे लोग आते-जाते हैं। जिस पर गांव के ही महेंद्र सिंह, कल्याण सिंह व धर्मेंद्र सिंह ने दबंगई के बल पर जबरन कब्जा कर लिया है। जिससे रास्ता से आवागमन अवरुद्ध हो गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि रास्ते पर सीमेंट के खम्भे को गाड़कर उन पर कटीली तार बांध दी गई है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में समस्या हो रही है और आगे इस मार्ग पर ट्रैक्टर निकालना भी दूभर हो जाएगा। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि कई बार उक्त लोगों से रास्ते को अवरुद्ध न करने की बात कही गई। जिस पर उक्त सभी लोग गाली गलौज कर मारने की धमकी देते हैं। लोगों ने उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर रास्ते में हो रहे अवैध कब्जे को हटवाने की गुहार लगाई है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से किशोरी घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के लवकान खेड़ा गांव निवासी राजेश की पुत्री बिडोल शनिवार सुबह साइकिल से डीजल लेने जा रही थी। जब वह रेवाड़ी गांव के पास पहुंची तभी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई।

**खेत-खलिहान** किसानों में बंपर पैदावार की जगी उम्मीद, अच्छी सर्दी पड़ने से गेहूं के अच्छादन में होती है बढ़ोत्तरी

# गेहूं की फसल को मिल रहा ठंड का भरपूर साथ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इस बार अच्छी सर्दी पड़ने से गेहूं की पैदावार करने वाले किसान खुश हैं। किसानों का मानना है कि इस बार अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। पिछले दिनों मौसम की मार सब्जी की फसलों पर पड़ी उन्हे नुकसान हुआ है।

यदि बारिश भी होती है तो इस बारिश से भले ही गेंहू की फसल को लाभ मिलेगा। लेकिन सरसों और आलू की फसल को नुकसान होगा। किसानों का कहना है कि बारिश गेंहू की फसल के लिए मुफीद साबित होगी।

जिन क्षेत्रों में सिंचाई के साधन नहीं हैं। वहां बादलों की आवजाही से किसानों के चेहरे खिल गये हैं। वह आसमान की ओर निहार रहे हैं। इस समय की बारिश सभी फसलों के लिए फायदेमंद हैं। फसल के लिए बारिश का पानी अधिक फायदेमंद होती है। यदि अधिक बारिश होती तो आलू और सब्जी की फसल को जरूर नुकसान होगा।


खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल।

### आलू व सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान

अत्यधिक सर्दी ने सरसों और सब्जी की फसलों को बिगाड़ दिया है। इन फसलों का खासा नुकसान हो रहा है। वहीं किसानों का कहना है कि बारिश हुई तो आलू की फसल को खुदाई बारिश के चलते बाधित होगी और फसल खेत में ही सड़ने लगेगी। बारिश के कारण सरसों का दाना भी कमजोर पड़ने की संभावना है।

## धूप से राहत लेकिन तेज हवाओं से लगी सर्दी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सुबह और शाम धुंध के साथ अभी सर्दी का असर तीखा
- सुबह से निकल रही धूप से लगातार बढ़ रहा तापमान

**अमृत विचार।** जनवरी माह में पड़ी कड़ाके की सर्दी से राहत मिल रही है। इसके बाद भी मौसम अभी स्थिर नहीं हुआ है। पिछले दो दिनों में हल्की बारिश और तेज हवा से तापमान में गिरावट की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी अगले चार-पांच दिनों तक कोहरे बारिश और तापमान गिरने की संभावना जता रहे हैं। सुबह शाम सर्द हवाओं से सर्दी का असर दिखा। हालांकि सुबह से निकल रही धूप से लोगों को राहत मिल रही है।

मौसम की बदलती करवट को शनिवार के दिन भी लोगों ने महसूस किया। जब सुबह से हवाओं ने सर्दी को बढ़ाया। सुबह से धूप निकलने के बाद भी तेज हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर किया। मौसम के बदलते मिजाज से सर्दी बढ़ने के साथ-साथ किसानों के लिए भी आशंका के बादल छा रहे हैं। मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक बारिश आने के भी आसार है। बताया जा रहा है कि बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। ऐसे में सरसों की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना है।

### फिर बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ की मानें तो चार व पांच फरवरी को एक बार फिर बादलों के छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा बारिश भी हो सकती है। शनिवार को अधिकतम तापमान 23 .0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12 .0 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के रूरा मजरे मकंदरपुर में शनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। चांदपुर के रूरा मजरे मकंदरपुर गांव निवासी भोले निषाद की पत्नी प्रीती देवी ने शुक्रवार की रात संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता विजयकरन निवासी सिंघन पेडौन डेरा थाना पैलानी जनपद बांदा ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी साल भर पहले की थी। अपनी हैसियत के अनुसार दान–दहेज भी दिया था। शादी के कुछ माह बाद से ससुरालीजन दहेज में बाइक व सोने की चैन न मिलने के कारण उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। साथ ही मारपीट भी करते थे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया है। पुलिस ने पोसटमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

### खौलते दूध के भगौने में गिरकर बालिका झुलसी

**फतेहपुर।** घर में खेल रही एक बच्ची ठोकर लगने से चूल्हे में खौल रहे दूध के ऊपर जा गिरी। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। असोथर कस्बा निवासी श्रीराम की पुत्री श्रृष्टि शनिवार सुबह घर पर खेल रही थी। तभी खेलते–खेलते ठोकर लगने के कारण वह चूल्हे में खौल रहे दूध के भगौने में गिर गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। उधर परिजन ने उसे तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

### शराब से भरी लोडर पलटने से चालक घायल

**फतेहपुर।** शराब से भरी लोडर पलट जाने से उसका चालक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हड़िया सलेमाबाद गांव निवासी धर्मराज का पुत्र वीरन पाल लोडर चालक है। बताते हैं कि शनिवार की सुबह लोडर में शराब लादकर असोथर कस्बा जा रहा था। तभी कुसुम्भी गांव के पास अनियंत्रित होकर लोडर पलट जाने से वह घायल हो गया। उधर सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला में भर्ती कराया।

### बाइक सहित गड्ढे में गिरे युवक की मौत से कोहराम

**फतेहपुर।** सड़क में हुए बड़े–बड़े गड्ढों के कारण एक युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। बहन के घर बाइक से जा रहा युवक गड्ढे में बाइक लेकर गिर गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से परिजन उसे लेकर कानपुर चले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ललौली थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव के रहने वाले बुद्धराज का पुत्र अमरजीत गुरुवार को जोनिहां चौकी क्षेत्र के शहबाजपुर गांव एक निमंत्रण में गया था। उसी रात को युवक अपनी बहन के घर टिकरी जा रहा था तभी गांव के पास सड़क में हुए गड्ढे में बाइक लेकर अमरजीत गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक को देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया और युवक के मोबाइल से मिले फोन नम्बर के आधार पर परिवार के लोगों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने युवक को कानपुर लेकर पहुंचे। देर रात उसकी इलाज के दौरान सांसें थम गईं। युवक के मौत की सूचना पर ग्राम प्रधान गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।


अमरजीत।

### धारदार हथियार से किया कातिलाना हमला, पांच पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** मामूली विवाद की खुन्नस में पांच लोगों के खिलाफ प्राणघातक हमले का पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घायलों को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सोनावरदेई निवासी नथन सिंह ने बताया कि उनके कुत्ते ने गांव के कोमल की बकरी को दौड़ा लिया था। इस बात पर कोमल की पत्नी सुशीला घर आई और गाली–गलौज की। वह घर से बाहर कौशांबी गया था। वह कौशांबी से शाम सात बजे घर लौटा। कुत्तों को गांव के बाहर छोड़ने ट्रैक्टर ट्राली में लेकर जा रहा था। रास्ते में कोमल, नील कमल, सिकंदर, सुशीला, ऊषा पत्नी सिकंदर ने ट्रैक्टर रुकवाया और धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। वह जान बचाकर घर भाग निकला। बीच–बचाव में चाचा इंद्रपाल और पत्नी सुशीला पर आरोपियों ने हमला किया। चाचा इंद्रपाल हमले में बेहोश हो गए। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है।

### बीमारी से परेशान आईटीआई छात्र ट्रेन के सामने कूदा, मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर मालगाड़ी के सामने कूदकर आईटीआई छात्र ने आत्महत्या कर ली। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं। कई दिन से छात्र बीमार होना बताया जा रहा है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के गोकलपुर निवासी कोमल सिंह यादव का पुत्र अंकित (18) कानपुर स्थित एक कालेज में आईटीआई का छात्र था। घटना की सूचना रेलवे स्टेशन मास्टर ने कल्यानपुर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज मौके पर पहुंचे। मृतक का मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। पिता व भाई मौके पर पहुंचे। छात्र की साइकिल भी घटनास्थल पर खड़ी मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना कॉरीडोर ट्रैक पर हुई।

KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

# सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था, लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी.के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है, लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे, पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है, लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के, लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है, लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

संघ, जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे, जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया, लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था, तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा, ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॅाडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है, अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे, उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा, जो वहां विपक्षी है, को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं, क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ, संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया, उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा, गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है, क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने, नए एम्स खोलने, आयुष्मान योजना का विस्तार, मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल, सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं, जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन, मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।



यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है, जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन, स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

## समाज की मशाल

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं, जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं, मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है, बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया, "जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो, उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।



हफीज किदवई
लेखक

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं, उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

## निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना, अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

# किताब चोर मैं

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्स्टर्डम में रुकना था, लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया, जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था, लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।



अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

# रामभक्ति: विविधता में एकता के दर्शन

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई, लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है, जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं, जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

इलाज के साथ गौमूत्र और योग के माध्यम से ब्लड कैंसर को दी मात, वन विभाग में अकाउंटेंट रहे राम उजागर ने बीमारी पता चलने पर नहीं खोया हौसला

# हौसले से जीती कैंसर की जंग, दूसरों के लिए बने मिसाल

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जी हां, मजबूत संकल्प लेकर इच्छा शक्ति, हौसले और जज्बे से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को भी मात दी जा सकती है, वर्ना इस बीमारी का खौफ उसे पल-पल और तिल-तिल मारता रहता है। अधिकांश मरीज कैंसर का पता चलने पर अपनी जिंदगी का सफर खत्म मान लेते हैं, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। इसी बात की मिसाल हैं राम उजागर सिंह। उन्हें जब वर्ष 2011 में ब्लड कैंसर होने का पता चला तो दहशत में धैर्य और हौसला नहीं खोया। इलाज के साथ गौमूत्र सेवन और योग के जरिए कैंसर से लड़ने का फैसला लिया। डॉक्टरों ने अधिकतम आठ साल जीवन बताया था, लेकिन राम उजागर 13 साल बाद भी पूरी तरह स्वस्थ जीवन जीने के साथ दूसरे कैंसर पीड़ितों को जीने का हौसला दे रहे हैं।

सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे खुद को व्यस्त रखने और दूसरों को प्रेरणा देने के लिए स्वेच्छा से वन विभाग में इसी पद पर सेवा दे रहे हैं। कानपुर में विनायकपुर निवासी राम उजागर सिंह वन विभाग में अकाउंटेंट पद से वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। वर्ष 2011 में उनको ब्लड कैंसर होने का पता चला तो परिवार परेशान हो उठा। लेकिन राम उजागर ने पहले खुद को संभाला पिर परिवार को समझाया। कई डॉक्टरों को दिखाया। इसी दौरान एक डॉक्टर ने अधिकतम आठ साल जीवन होने की बात कही। लेकिन राम उजागर ने हिम्मत नहीं हारी।

सर्वोदय नगर स्थित रिजेंसी अस्पताल में डॉ.गौरव श्रीवास्तव से इलाज कराया। बोन मैरो जांच में 64 प्रतिशत कैंसर की पुष्टि हुई। नियमित दवा, इलाज व जांच के साथ उन्होंने गौमूत्र पीना और योग करना शुरू किया। आज उनका शरीर कैंसर मुक्त हो चुका है। गौमूत्र, योग व दवा से उन्होंने न सिर्फ मौत को मात दी, बल्कि अब वह अन्य कैंसर रोगियों को भी जीने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उनके चेहरे का आत्मविश्वास देखने लायक होता है। सेवानिवृत्त होने के बाद खुद को व्यस्त रखने के लिए वह स्वेच्छा से वन विभाग में सेवा भी दे रहे हैं।



साथी कर्मचारियों के साथ काम करते राम उजागर सिंह। अमृत विचार

### कैंसर सरवाइवर ने सुनाई अपनी कहानी

**जसवंतनगर, इटावा।** सुपर स्पेशियलिटी कैंसर क्लीनिक में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रति कुलपति डॉ. रमाकांत की उपस्थिति में ओपीडी में आए लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। कैंसर सरवाइवर को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। 51 वर्षीय मुन्नी देवी ने बताया कि अक्सर पेट में दर्द होने के कारण जब 2016 में सैफई आकर दिखाई तो जांच में पाया कि मुझे आंत का कैंसर है उसके बाद मेरा उपचार व सर्जरी भी हुई। वर्तमान में मैं स्वस्थ हूं हर तीन माह में मैं जांच कराने यहां आती रहती हूं। 70 वर्षीय सोबरन सिंह ने बताया कि मेरे बाएं स्तन में एक गांठ थी जब मैं यहां दिखाने आया तो पता चला जांच में कि मुझे स्तन कैंसर है मुझे यकीन नहीं हुआ लेकिन डॉक्टर ने बताया कि यह समस्या पुरुषों में भी हो सकती है और मुझे यहां पर पूर्णत:उपचार मिला । अब मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूं। इस कार्यक्रम में डॉ सिद्धार्थ, डॉ प्रभा, डॉअर्पित, डॉ नागेंद्र, डॉ एतिमेश, डॉ निधि, डॉ हनुमान डॉ अतुल आदि उपस्थित रहे।

### दूसरों को दिखा रहे जीने की राह

राम उजागर सिंह ने बताया कि कैंसर की बीमारी से ठीक होने के बाद उन्होंने फैसला लिया कि वह कैंसर पीड़ितों का उत्साहवर्धन करेंगे। जहां भी उन्हें कैंसर मरीज की जानकारी मिलती है, वह उनके पास जाते हैं और जीने की राह दिखाते हैं। वह बताते हैं कि हिम्मत और जीने की चाहत ऐसी थी कि उनको कीमोथेरेपी की जरूरत ही नहीं पड़ी। अब कैंसर की एबीएल बीसीआर जांच हर छह माह में करानी होती है। सैंपल मुंबई भेजे जाते हैं, जिसमें अभी तक सब कुछ ठीक है।

# राशन की घटतौली रोकेंगी इलेक्ट्रॉनिक मशीनें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन की उचित दर की दुकानों में राशन वितरण के दौरान कम राशन तौलने की शिकायतें आये दिन आती रहती हैं। घटातौली की शिकायतों पर अंकुश लगाने के लिए अब शासन ने नई मशीन लगाने के आदेश जारी किए हैं। राशन की दुकानों पर अब इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीनें लगाई जाएगी । इन मशीनों को ई पास मशीनों से लिंक किया जाएगा। जिससे निर्धारित मात्रा में राशन निकलने पर ई पॉस मशीन से राशन कार्ड का खाद्यान्न निर्गत किया जाएगा। राशन डीलरों से मिलने वाली घटतौली की शिकायत स्वतः ही बंद हो जाएंगी। जिला पूर्ति विभाग के खाद्य निरीक्षक विवेक कुमार ने बताया कि शासन से नई इलेक्ट्रानिक मशीनों को लगाने से संबंधित शासनादेश प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कुल मिलाकर 650 डीलरों की संख्या निर्धारित है। सभी राशन डीलरों की दुकानों पर ई पॉस वेइंग इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को लगाया जाएगा। संभवतः फरवरी के प्रथम सप्ताह में सभी इलेक्ट्रानिक मशीनें प्राप्त हो जाएंगी । फरवरी के अंतिम सप्ताह में सभी मशीनों को डीलरों के यहां पहुंचा दिया जाएगा।

### जनपद में कार्ड धारकों की संख्या

- कुल 650 राशन कोटेदारों की दुकानें हैं
- कुल राशन कार्डों की संख्या 297235 जिसमें पात्र गृहस्थी के 2511 53
- अंत्योदय राशन कार्डों की संख्या 46082 है।

# फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण से निजात दिलाने की उठाई मांग

## भूमि विवाद से संबंधित आईं सर्वाधिक शिकायतें, अतिक्रमण हटवाने की पहले भी की थी शिकायत

संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** मॉडल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जमीनी विवाद से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें आईं। वहीं कस्बे में फुटपाथों और सड़क पर अतिक्रमण के कारण हर समय लगे रहने वाले जाम की समस्या को भी लोगों ने अधिकारियों के सम्मुख रखा ।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करें।

सम्पूर्ण निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें। इस दौरान 17 फरियादियों की शिकायतों को दर्ज किया गया । जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इसमें राजस्व विभाग से सबसे ज्यादा शिकायते थीं। ग्राम तमेरा निवासी लाखन सिंह ने बताया है कि उनके गांव में गलियां व नालियां टूटी होने से जलभराव रहता है। इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। उन्होंने फिर से फरियाद लगाई है। इसी प्रकार सुरेश गुप्ता ने नगर के सदर बाजार में जाम समस्या निस्तारण की मांग करते हुए शिकायती पत्र सौंपा है। अनुराग गुप्ता ने शिकायत की है कि नगर के सदर बाजार में सड़कों पर दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर सड़के व फुटपाथों को घेर लिया। जिस कारण राहगीरों को परेशानी होती है । उन्होंने इससे पहले भी शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्राम फूलरई निवासी रामशरण, सीता देवी, श्याम सिंह ने शिकायत की कि गांव में 149 गाटा संख्या के नाम से तालाब भूमि है। गांव के लोग अवैध अतिक्रमण किये हैं। सुनवाई करते हुए समस्या का निस्तारण कराया जाए।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। इस दौरान डीएफओ अतुल कांत शुक्ला, सीएमओ गीताराम समेत एसडीएम दीपशिखा सिंह, सीओ अतुल प्रधान, भूपेंद्र विक्रम सिंह आदि रहे।



जसवंतनगर में शिकायतें सुनते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार ।

### पंद्रह में एक फरियादी को भी मौके पर नहीं मिला न्याय

**भरथना, इटावा।** भरथना तहसीलदार राजकुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला की मौजूदगी में तहसील क्षेत्र के कुल पंद्रह फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र सौंपे। एक भी प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस पर शासन से नियुक्त सुलह अधिकारी अनिल तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयसिंह, विद्युत विभाग जेई नीरज कुमार, वन विभाग वन दरोगा लक्ष्मी नारायन, आनंद श्रीवास्तव सहित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवसरवाद की राजनीति से भला नहीं : कुशवाहा

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भागीदारी संपर्क यात्रा पर निकले जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूसिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे भारतीय संविधान ने लोकतंत्र की स्थापना की है। जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र अधिकार मिले हैं। वर्तमान में देश व प्रदेश की जनता स्वतंत्रता के बजाय खुद को गुलाम और ठगा सा महसूस कर रही है। कुछ अवसरवादी राजनैतिक दलों ने देश प्रदेश की जनता को कठपुतली बना डाला है। वोट लेकर अवसरवाद की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी संकल्प के साथ आज वे भागेदारी संपर्क यात्रा के तहत प्रदेश की जनता को जागरूक करने निकले हैं। शहर कस्बा और गांव गली में पहुंच कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

उन्होंने जसवंतनगर, ऊसराहार, बसरेहर के महलाई, भिड़रूआ, टिमरुआ, कर्री मोड, कछपुरा, बदकन शाहपुर, रमपुरा, नगला चन्द, समथर, पुंजा, किल्ली, बसरेहर, उदयपुरा, दतावली, कोकपुरा हाईवे पुल, विजय नगर चौराहा आदि स्थानों से होते हुए शनिवार को उनकी भागीदारी सम्पर्क यात्रा इटावा से सुबह महेवा, बकेवर, और फिर भरथना पहुंची । संपर्क यात्रा में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव राम लखन पासी, राष्ट्रीय सचिव सुषमा मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष चन्दसेन पाल, प्रदेश महासचिव रानी सिंह के अलावा भारतीय वंचित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम करन कश्यप मौजूद रहे। भरथना के एसकेआरपी पब्लिक स्कूल के संचालक राम शंकर कुशवाह के नेतृत्व में सत्येन्द्र, हरिशंकर, मुकुट विहारी, महेन्द्र सिंह, राम प्रकाश, अमित, सोनू शाक्य, सत्यभान, जितेंद्र कुमार आदि समर्थकों ने पुष्पहार पहनाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया ।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहाड़ी (चित्रकूट)

पत्रांक : 3011/पं0रा0वि0/पन्द्रहवां वित्त/ टेण्डर नोटिस/2023–24 दिनांक 03.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त /पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु क्षेत्र पंचायत, पहाड़ी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष नामित समिति (अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में अवर अभियन्ता, ल0 सिं0 / ग्रा0 अभि0वि0 एवं सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता) द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिकी दिनांक 05.02.2024 से 12.02.2024 तक क्षेत्र पंचायत कार्यालय पहाड़ी से की जायेगी, जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क अदा करके क्रय की जा सकती है। जमानत राशि बाण्ड/एफडी/एनएससी जो खण्ड विकास अधिकारी, पहाड़ी के नाम बंधक होगी, के द्वारा जमा की जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी एवं निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

**कार्यों का विवरण निम्नवत है–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत लाख रू0 में | 02 प्रति0 धरोहर धन0रू0 में | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 कलवाराबुजुर्ग में हनुमान मंदिर से बाजपेई के घर तक इण्ला0 खंडजा एवं नाली का निर्माण कार्य, भाग–1 | 9.93 | 19860 | 1000 |
| 2 | ग्रा0पं0 पहाड़ी के बी0आर0सी0 में फर्श पर टाइल्स एवं छत मरम्मत का कार्य | 9.99 | 19980 | 1000 |
| 3 | ग्रा0पं0 भटरी में राजा भैया के घर से बबू के घर तक इ0ला0 खंडजा एवं नाली निर्माण कार्य | 9.96 | 19920 | 1000 |
| 4 | ग्रा0पं0 गनीवां प्रसिद्धपुर में मेनरोड से गेट तक इ0ला0 खडंजा का निर्माण कार्य | 9.95 | 19900 | 1000 |
| 5 | ग्रा0पं0 बक्टाबुजुर्ग में मेनरोड से रामसेवक यादव के घर तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.97 | 19940 | 1000 |
| 6 | ग्रा0पं0 कनकोटा के मजस उद्घटा में भानू के घर से तिराहे तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.93 | 19860 | 1000 |
| 7 | ग्रा0पं0 इटौरा में डाक्टर साहब के घर के पास इ0ला0 खण्डजा एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 19960 | 1000 |
| 8 | ग्रा0पं0 दरसेडा में शीतला माता मंदिर वाली रोड में पुलिया का निर्माण कार्य | 0.75 | 1500 | 500 |
| 9 | ग्रा0पं0 लमियारी में क्षे0पं0 से निर्मित अधूरा खडंजा से दुर्गा तालाब तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य भाग–2 | 9.96 | 19920 | 1000 |
| 10 | ग्रा0पं0 बक्टा खुर्द में यात्री शेड एवं गेट का निर्माण कार्य | 9.70 | 19400 | 1000 |
| 11 | ग्रा0पं0 चकाँध के कैथिया तालाब में पुलिया का निर्माण कार्य | 1.81 | 3620 | 1000 |
| 12 | ग्रा0पं0 कंधवनिया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में फर्श पर टाइल्स एवं छत मरम्मत का कार्य | 9.47 | 18940 | 1000 |
| 13 | ग्रा0पं0 कलवाराबुजुर्ग में हनुमान मंदिर से बाजपेई के घर तक इ0ला0 खंडजा एवं नाली का निर्माण कार्य, भाग–2 | 9.93 | 19860 | 1000 |
| 14 | ग्रा0पं0 ममसी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में फर्श पर टाइल्स एवं छत मरम्मत का कार्य | 7.49 | 14980 | 1000 |
| 15 | ग्रा0पं0 जमहिल में विमलेश के घर से राजेन्द्र प्रसाद के घर तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य | 9.89 | 19780 | 1000 |
| 16 | ग्रा0प0 पहाड़ी बुजुर्ग में सिकरीसानी रोड से भालचन्द्र के घर के सामने पुलिया एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 19960 | 1000 |
| 17 | ग्रा0पं0 बेराउर में भैरम बाबा के पास नाली का निर्माण कार्य | 9.99 | 19980 | 1000 |
| 18 | ग्रा0पं0 बेराउर में मिट्टी कटान हेतु रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | 9.97 | 19940 | 1000 |
| 19 | ग्रा0पं0 बालापुर खालसा में पी0डब्ल्यू0डी0 मेन रोड़ से रामचन्द्र के चक्की तक इ0ला0 खण्डजा एवं नाली निर्माण कार्य | 9.97 | 19940 | 1000 |
| 20 | ग्रा0प0 चकाँध के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अवशेष भाग में फर्श पर टाईल्स का कार्य | 3.21 | 6420 | 500 |

शर्ते निम्नवत होंगी–
1. प्रत्येक कार्य की निविदा प्रपत्र अलग–अलग जमा किये जायेंगे।
2. सामग्री की गुणवत्ता, निविदा में अंकित गुणवत्ता से भिन्न होने पर अथवा अधिकारी द्वारा जाँच में गुणवत्ता कम होने पर वसूली ठेकेदार से की जायेगी। के साथ–साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि बाण्ड/एन0एस0सी0/
3. निविदा चेक / एफडीआर के माध्यम से जमा की जायेगी, जो खण्ड विकास अधिकारी के पदनाम से बंधक होगी।
4. दरों की वैधता तीन माह होगी। निविदा प्रपत्र के साथ 100.00रू0 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर 1.00 रू0 के रेवेन्यू स्टाम्प सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण न कर पाने का पूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा। ।
6. कार्य की लागत घटायी / बढ़ाई जा सकती है
7. निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।
8. क्षेत्र पंचायत द्वारा निष्पादित कराये जाने वाले निर्माण कार्य तथा सामग्री की आपूर्ति ठेके में क्षेत्र पंचायत पहाड़ी के पदाधिकारी सदस्य अधिकारी तथा कर्मचारी या उसके संबंधितों को भाग लेने का अधिकार नहीं है। संबंधित व्यक्ति का आवेदन पत्र स्वत: निरस्त समझा जायेगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात 08 प्रतिशत जमानत की धनराशि जमा करना होगा।
10. कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह होगी।

दिनेश कुमार मिश्र
खण्ड विकास अधिकारी
पहाड़ी (चित्रकूट)


# जर्जर मकान का छज्जा गिरने से तीन घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई क्षेत्र के गांव सरामई में महिलाएं जर्जर मकान के छज्जा पर धूप में बैठकर बात कर रही थीं। अचानक गाटर पटिया का बना छज्जा टूट गया। इस हादसे में दो महिलाएं व एक युवती गम्भीर रूप से घायल हो गई।

गांव निवासी बीएससी की छात्रा खुशबू पुत्री राम शंकर , 34वर्षीया मधु देवी पत्नी शिव कुमार व 35 वर्षीया सावित्री देवी पत्नी राम शंकर अपने घर के छज्जे पर खड़ी बातें कर रही थीं।

अचानक से छज्जा भरभराकर गिर गया जिससे तीनों नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गयी, ग्रामीणों ने उन्हें मलवे से बाहर निकाल कर एबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंत नगर में भर्ती कराया । डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए तीनों घायलों को सैफई पीजीआई के लिए रैफर कर दिया।

जहां पर घायलों का इलाज जारी है। वहीं खुशबू का दाहिना पैर जांघ से टूटने के साथ साथ हाथ, सीने सिर में भी चोटे आई है वहीं मधु देवी के सिर, पसलियों, हाथ पैर में चोट आईं हैं, और सावित्री देवी के भी गंभीर हालत में चोटे आईं हैं तीनों घायलों का सैफई पीजीआई में इलाज जारी है।



एसडीएम कौशल किशोर को ज्ञापन देते संस्था के पदाधिकारी । अमृत विचार

# सरकारी एंबुलेंस के जरिये किया जा रहा है भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जनपद में चल रही 108 व 102 सरकारी एंबुलेंस में व्यापक भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई है। सामाजिक संस्था जीवन दायनी स्वास्थ्य विभाग लखनऊ एवं एंबुलेंस कर्मचारी संघ इटावा ने डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल किशोर को सौंपा।

संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा शासन की तरफ से चलाने की जिम्मेदारी इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस को दी गई है । यह कंपनी लगातार अपने कर्मचारियों पर दबाव बनाकर फर्जी मरीजों की संख्या दिखाकर बिलों का फर्जी भुगतान प्राप्त कर रही है। फर्जी आधार संख्या और फर्जी मोबाइल नंबर दर्ज कर हर महीना करोड़ों रुपयों का भुगतान प्राप्त कर रही है। जिससे मरीजों को इस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एंबुलेंस में अक्सर ऑक्सीजन सिलेंडर व जीवन रक्षक दवाओं का अभाव रहता है। किसी भी एंबुलेंस में मानक के अनुसार उपकरण नहीं होते हैं । एंबुलेंस में आपातकाल के लिए स्टेपनी भी नहीं होती है। जो कर्मचारी फर्जी केस करने से मना करता है उसको नौकरी से निकालने की धमकी दे दी जाती है । जनपद के अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर एंबुलेंस चालकों को फर्जी केस का टारगेट देते हैं। यह कंपनी नौकरी देने के नाम पर सुविधा शुल्क लेती है। उन्होंने ज्ञापन देकर उच्चअधिकारियों से जांच करने की मांग की है।

# पुलिस टीम पर फायर करने वाले को चार साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम पारूल श्रीवास्तव ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के दो साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे चार साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर तीन हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि बीस जनवरी 2021 को प्रभारी निरीक्षक बढ़पुरा जीवा राम यादव अपनी टीम के साथ चंबल पुल के पास संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे तभी संदिग्ध अवस्था में पैदल जाता एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह बीहड़ की ओर भागने लगा। पुलिस ने जब पीछा किया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस के द्वारा की कई जवाबी फायरिंग में उसको गोली लग गई और वह वही पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस के अलावा खोखा भी बरामद हआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अरूण कुमार पुत्र राजेश सिंह निवासी बढपुरा बताया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# ट्रक को बचाने के प्रयास में बस दीवार से टकराई

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** हाईवे पर ग्राम कैस्त के पास दीपक राइस मिल के पास शनिवार की सुबह राइस मिल से निकल रहे ट्रक को बचाने के प्रयास में सवारियों से भरी एक स्लीपर बस राइस मिल की दीवार से टकरा गई। दो सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं वहीं अन्य सवारियों को भी मामूली चोटें आई हैं। बस चालक दीपक कुमार अपनी बस में दिल्ली से सवारियां लेकर महोवा जा रहा था। शनिवार की सुबह करीब सात बजे जब वह दीपक राइस मिल के पास पहुंची तभी मिल से एक ट्रक अचानक निकल आया। चालक ने बस को बचाने का प्रयास किया तो बस राइस मिल की दीवार से टकरा गई। बस के टकराने से सवारियों में चीख पुकार मच गई। इस हादसे में दो सवारियों को चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायलों में ललिता पत्नी धर्मदास उम्र 30 वर्ष निवासी राठ महोवा के हाथ, पैर, सिर व चेहरे पर चोटें आईं। वहीं दूसरे घायल योगेंद्र कुमार पुत्र राम प्रकाश उम्र 25 वर्ष निवासी हमीरपुर के सिर में चोटें आई। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जबकि एक दर्जन से ज्यादा सवारियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। ड्राइवर दीपक कुमार शाहू पुत्र रामदुलारे निवासी फतेहपुर थाना हुसैनगंज ने बताया कि ट्रक को बचाने के प्रयास में बस दीवार से टकरा गई। हादसे के समय बस में 70 सवारियां थी।

# शासन सत्ता

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति

**अमृत विचार** : राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ के डॉ. सुधीर राठी को, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के तहत हुई है। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को दी गई है। मालूम हो कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक व प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की जा रही हैं।

### हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी जिला चेयरमैन मनोनीत

**अमृत विचार, लखनऊ** : हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग गोरखपुर का जिला चेयरमैन मनोनीत किया गया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने शनिवार को इस सिलसिले में पत्र जारी किया। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने अंसारी को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 446 सरकारी चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि

**अमृत विचार, लखनऊ** : स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोतरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रुपये वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के महामंत्री डॉ. अमित सिंह ने बताया कि अभी अन्य अधिकृत चिकित्सक हैं, जिन्हें इस सूची में लाभ नहीं मिला है। शासन को निर्धारित समय पर एसएसीपी की बैठक करनी चाहिए ताकि चिकित्सकों को समय पर लाभ मिल सके।



विधान सभा सत्र में भाग लेने जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



सत्र के लिए जाते सपा नेता शिवपाल यादव, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया व अन्य।



सत्र में हिस्सा लेने जातीं कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा, साथ में अन्य।

# विप में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

## सपा सदस्यों ने दो बार किया सदन का वाकआउट, केशव मौर्या बोले- सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विधान परिषद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के सामूहिक दुराचार की घटना को



लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम-105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है। सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई।

घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है। खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले। सपा के ही लाल बिहारी यादव ने कहा कि घटना के दूसरे दिन लड़कों को पकड़ा जाता है और अगले ही दिन छोड़ दिया जाता है। पांच हजार लोगों ने घेराव किया तो दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पीड़िता का मेडिकल कराया गया।

सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पॉक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा।

सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए सरकार को संदर्भित कर दिया।

### बसपा ने उठाया भर्ती और पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी नें सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठाया, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने तथ्यों से सदन को अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम-110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। वहीं, नियम-111 के तहत आने वाली 10 सूचनाओं में तीन भाजपा की, अन्य दलों की एक-एक कुल छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सदस्यों के निधन पर शोक के बाद विधानसभा स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ** : विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने सदन के पूर्व सदस्य मोबीन अहमद आजमी, सतीश चन्द्र, जटाशंकर सिंह, मो. इरशाद खान, जगदीश गांधी व डॉ. सुरेश संगल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।

### नहीं उठा मलिहाबाद के तिहरे हत्याकांड का मामला

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिन दहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

## कैंसर केयर समेत कई सुविधाओं से लैस होगा मेडिकल डिवाइस पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ** : ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत उच्च चिकित्सीय तमाम सुविधाएं होंगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इसकी कुल लागत 439 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें से सामान्य बुनियादी सुविधाओं (सीआईएफ) के विकास की लागत लगभग 190 करोड़ रुपये होगी। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित चयनित मेडिकल डिवाइस पार्क में सामान्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए एकमुश्त अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अब मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोलॉजी व इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइसेस के इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस उद्देश्य से यीडा द्वारा एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) के माध्यम से गामा रेडिएशन सुविधाएं स्थापित करने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से इन सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन में रुचि रखने वाली कंपनियों को आमंत्रित किया जा चुका है और कार्य वितरण की प्रक्रिया जारी है।

पार्क में चिकित्सा जगत बड़ी सुविधाओं पर मुख्यमंत्री का फोकस है। रेडियोथेरेपी मेडिकल डिवाइसेस के संयंत्र के तौर पर रोटेशन कोबाल्ट मशीन, रेडियोथेरेपी सिमुलेशन सिस्टम, लीनैक 4 ब्रैकीथेरेपी सिस्टम का विकास करना है।



राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए राजभवन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम के दौरान संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कार्यक्रम में उपस्थित अन्य। अमृत विचार

## कांग्रेस के कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोऑर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डॉ. युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं।

इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चौधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोऑर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ** : नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर व परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के कैडटों को शनिवार को राजभवन में पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवाओं का दायित्व देश को आगे ले जाना है। युवाओं को जो प्रशिक्षण एनसीसी से प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे, तब उनके काम आएगा। आने वाला भारत कैसा हो इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश से एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## प्रशिक्षण शिविर में एडीएम सीखेंगे आपदा प्रबंधन के गुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण**

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों (एडीएम) को महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25-25 एडीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ में 6 और 7 फरवरी को आयोजन होगा।

अपर मुख्य सचिव (राजस्व) सुधीर गर्ग ने बताया कि शिविर में जलवायु परिवर्तन और संवेदनशीलता, आपदा प्रबंधन, राहत लॉजिस्टिक्स, स्टेकहोल्डर प्रबंधन, डिजिटल पहल और डिजाइन थिंकिंग के उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इससे अधिकारियों को जिला स्तर पर नीति, प्रबंधन और क्रियान्वयन तंत्र को समझने में मदद मिलेगी।

### चार सत्र में होगी कार्यशाला

शिविर के पहले सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर ऑफ स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट नीरज द्विवेदी, दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के सीनियर ऑफिशियल्स, तीसरे सत्र में इंटेलेक्ट चेन्नई के सीईओ डॉ. अरुण जैन और चौथे सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और कोच्चि के जीटी भरत सम्मिलित होंगे। दूसरे दिन पहले सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और जीटी भरत, दूसरे तीसरे और चौथे सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रो. एस वेंकट शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर में एक्सपर्ट द्वारा अधिकारियों को नई प्रबंधन तकनीक के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में नये अवसरों की जानकारी दी जायेगी। शिविर को प्रदेश के वर्तमान जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिक्रिया को देखते हुए डिजाइन किया गया है। सरकार का शिविर के जरिये बढ़ती आपदाओं की घटनाओं को कम करने के साथ जनहानि को न्यूनतम करना उद्देश्य है।


## वर्ग पहेली-332

बाएं से दाएं

1. 1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।
3. 1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।
5. 1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध
7. 1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े
8. 1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2. 1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।
3. 1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।
4. 1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।
6. 1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली - 331 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 ख़ा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

### सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 48 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं. डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** : आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

**वृष** : आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

**मिथुन** : आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क** : आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

**सिंह** : आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

**कन्या** : आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

**तुला** : आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

**वृश्चिक** : आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**धनु** : आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** : आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**कुंभ** : आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरू करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मीन** : आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- सल्तनत — सुबह : 10.00
- सपूत — रात : 07.00

Sony Max
- नमस्ते लंदन — सुबह : 10.03
- पीके — रात : 07.00

Sony Pix
- दहेज — सुबह : 09.19
- टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

Zee Cinema
- जयंतभाई की लव स्टोरी — सुबह : 10.30
- कहानी 2 — रात : 07.30

Colors Cineplex
- कच्चे लिंबु — दोपहर : 01.52
- दोस्ताना — रात : 09.48

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...



सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी, शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

## बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

# पेट्रो केमिकल में ओडिशा नई ऊंचाई छू रहा

## ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। साथ ही पिछले 10 की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओडिशा को 10 गुना बजट दिया गया है। उन्होंने कहा ओडिशा को सस्ती बिजली मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओडिशा व असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबलपुर में शनिवार को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की 68 हजार करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। राज्य में 18 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा-ये परियोजनाएं ओडिशा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन करता है। मोदी ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो ट्रेनों की सुविधा को बेहतर बनाएगी।




संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

### कहा-गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा-मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 'पीएम-किसान सम्मान निधि' योजना के तहत ओडिशा में करीब 40 लाख कृषकों सहित करोड़ों किसानों को सीधे फायदा मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत उनके बैंक खातों में 30,000 रुपये प्राप्त हुए। कहा-भाजपा किसानों के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

## एक नजर

### सेना ने एलओसी के समीप की गोलीबारी

**मेंढर/जम्मू।** सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद शनिवार को गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने मेंढर के साबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी और फौरन जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शनिवार तड़के मेंढर के एक अग्रिम गांव में गोलीबारी हुई और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक व्यापक तलाश अभियान चलाया गया है। इलाके में हाल में भारी हिमपात हुआ है।

### कोर्ट ने मकोका के तीन आरोपियों को किया बरी

**ठाणे।** ठाणे जिले की एक अदालत ने जघन्य अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमित शेटे ने शुक्रवार को आरोपी प्रकाश दशरथ धन्वा (26), मिलिंद शंकर धन्वा (25) और दशरथ टंडेल (52) को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाया। तीनों के खिलाफ पालघर जिले के वाडा, मनोर, विरार, तुलिंज, और बोईसर पुलिस थाना की सीमा में हत्या के प्रयास में मकोका लगाया गया था।

## अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद संजय सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी।

## शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

**ठाणे, एजेंसी**

▸▸ **भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

## मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

**ब्यूरो, नई दिल्ली**

▸▸ **मल्लिकार्जुन खरगे ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना**



**अमृत विचारः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया।

खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है. वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों के 411 विधायकों पर मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है और भाजपा ने राज्यों में सत्तारूढ़ विपक्षी दलों के विधायकों को फंसाकर और उन पर मामला दर्ज कर सरकार बनाने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा ने विपक्षी विधायकों को तोड़ने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस और राजद के आदिवासी विधायक इस तरह के कदम का विरोध करने के लिए दृढ़ रहें जिससे गठबंधन सरकार फिर से बने।

### ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए " बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

## फर्जी डाक्टरों के विरुद्ध बनेगा कानून सांसदों की बैठक मंगलवार को

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली**

▸▸ **दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित**

**अमृत विचारः** फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। जिसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डा. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं जिनकी वजह से डाक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है तब वह बड़े डॉक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उस स्थिति में मरीज को महंगा इलाज करवाना पड़ता है और कई मामलों में मरीज की मृत्यु भी हो जाती है। बदनाम अंग्रेजी डॉक्टर होते हैं।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डाक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है। लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डॉ. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और धड़ल्ले से मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है।

आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है जिनकी वजह से हम लोग उनके खिलाफ बहुत ज्यादा आवाज नहीं उठा पाते हैं। डॉ. बंसल के मुताबिक सरकार को आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 810 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1155 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400 -5500 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 4400 -4500 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15000-15200 |
| अरहरस्पेशल1 | 12500-12700 |
| चनादाल | 6700-6800 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8500- 12000 |
| उड़द धोवा | 10000- 12500 |
| मूँगदाल | 9000 -10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# 6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

**कोलकाता, एजेंसी**

क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋ्रण दे रही है।




क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

### इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

**नई दिल्ली।** देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पार्क होटल्स ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 409 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है। इसका निचला स्तर 147 रुपये है। एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं।

## पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।



## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,300-48,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,300 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,500 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन**

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

### रिलायंस ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

## धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां**




धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

# बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद, शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ तमिलनाडु में 6 साल पहले हुई मौतों के मामले में होंगी कानूनी कार्यवाही रद

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी।

शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था।

बेल्जियम के नागरिक के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करते हुए सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ ने कहा, पर्वतारोहण / ट्रेकिंग कर रहा दल दुर्भाग्य से जंगल की आग में घिर गए। मौत केवल दुर्घटना है। इससे अपीलकर्ता (बेल्जियम के नागरिक) की किसी लापरवाही या आपराधिक इरादे की पुष्टि नहीं होती। अपीलकर्ता की उन ट्रेकर्स की मृत्यु में कोई भूमिका नहीं थी। जंगल की आग प्राकृतिक कारणों से लगी।

# सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तानी समर्थक आपस में भिड़े

**सैन फ्रांसिस्को।** खालिस्तानी समर्थकों से जुड़ा एक वीडियो जमकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो के मुताबिक, सैन फ्रांसिस्को में कई खालिस्तानी समर्थक हाथ में खालिस्तानी झंडा लिए खड़े हुए थे। बड़ी संख्या में खालिस्तानी समर्थक वहां नारेबाजी कर रहे थे।

इसी दौरान, अचानक वहां मौजूद खालिस्तानी समर्थक एक-दूसरे पर हमला करने लगे। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी इस झड़प को थामने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान बवाल में शामिल लोग खालिस्तान के झंडे लहराते दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर सिद्धांत सिब्बल ने इस वीडियो को अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

# कैंसर से बचाएगा उपवास



डॉ. अर्जुन अग्रवाल
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नई तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है। इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफिल्ट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।



## शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया गया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- इसी तरह यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिस की रिसर्च में यह पाया गया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- इसी तरह वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो उनमें कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने इस पर भी शोध किया और इस आशंका को निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

## एक नजर

### तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

**अंकारा।** तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं। पिछले हफ्ते रविवार की प्रार्थना के दौरान इस्तांबुल चर्च में दो आइएस बंदूकधारियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के बाद तुर्किये अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

### अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में उग्र प्रदर्शन



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दो करीबी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबी को गिरफ्तार किया है। जिसने गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों की छिपने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने पता लगाया और उसे एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ चंडीगढ़ और हरियाणा में हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।

## जॉर्डन हमले के जवाब में अमेरिका ने सीरिया और इराक में की एयरस्ट्राइक

# 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी ढेर

दमिश्क, एजेंसी

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

### जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका



अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे



ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

# पूनम ने सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबरों के बाद कहा...मैं जीवित हूं

**नई दिल्ली।** मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे की निधन की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। शुक्रवार को अभिनेत्री के इंस्टाग्राम अकाउंट से उनके मैनेजर ने सर्वाइकल कैंसर की वजह से उनकी मौत की जानकारी दी थी, जिसके बाद ये खबर सोशल मीडिया पर फैल गई।



शुक्रवार को पूनम पांडे की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी। तमाम फैंस और सेलिब्रिटी फ्रेंड्स ने एक्ट्रेस की अचानक आई मौत की खबर पर दुख जताया। निधन की सूचना के दूसरे दिन पूनम पांडे ने वीडियो शेयर किया, जिसमें वह इस अफवाह को फैलाने के लिए माफी मांगती नजर आ रही हैं। पूनम ने कहा कि उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लिए अवेयरनेस फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर फैलाई। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जल्दी कोई बात नहीं करता। लोगों को जागरुक करने के लिए ये नाटक करना पड़ा।

# नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक

विशाखापत्तनम, एजेंसी

▸▸ संधायक भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत, रक्षा मंत्री बोले महासागर में बढ़ेगी मजबूती

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा,



आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

# मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

माले, एजेंसी

मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था।

### मालदीव सरकार ने किया आधिकारिक अनुरोध

मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है, जिसमें भारत सरकार से घटना का व्यापक विवरण मांगा गया है।

## पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...





**श्रीनगर :** कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। ● एजेंसी

# गैर-इस्लामिक निकाह मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को सात-सात साल की जेल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।



इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल (सिफर मामला) और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद 'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

# कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

**कराची।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।


विज्ञान | जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में होगी सक्षम, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

# असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।



एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

### दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

# भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।



पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधानसभा ने एक्स पर यह घोषणा की है, विधानसभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। बीती सदी के नौवें दशक में उनके माता-पिता भारत से में आकर बस गए थे।

# हिंदुओं को रिझाने में जुटी ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी

लंदन, एजेंसी

▸▸ ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए पार्टी उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम

हाल के वर्षों में भारतवंशियों के बीच पार्टी का समर्थन कम होने की चिंता के बीच ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इसमें समुदाय से जुड़े दो स्वयंसेवकों को नियुक्त करना, लेबर फ्रेंड्स आफ इंडिया समूह को नया स्वरूप देना और अपने दो वरिष्ठ शेडो मंत्रियों को भारत भेजने की तैयारी की है।

2021 की जनगणना के अनुसार, भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह और सबसे बड़े गैर-श्वेत जातीय समूह दोनों हैं। यह आबादी का 3.1 प्रतिशत हिस्सा हैं। इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के लोगों का समर्थन खो दिया है। 2010 में 61 प्रतिशत ब्रिटिश भारतीयों ने कहा कि वे लेबर का समर्थन करते हैं। वहीं, यह आंकड़ा 2019 तक घटकर 30 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ नेताओं को चिंता इसलिए भी है कि ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के होने से यह चलन बढ़ सकता है।

